दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2020, वैशाख अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-72 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना योद्धाओं के सम्मान की उम्मीद जाहिलों से करना तो बेमानी है लेकिन कोरोना के खिलाफ जंग में अग्रणी भूमिका निभाने वाले देव दूतों का कोई सरकारी आधिकारी अपमान करें तो हैरानी होती है। बिहार में एक होम गार्ड के जवान ने लॉकडाउन का पालन कराने की अपनी ड्यूटी निभाई, जो एक कृषि अधिकारी को फूटी आंख न सुहाई। अपनी कार रोके जाने से नाराज होकर उक्त बद्दिमाग अधिकारी ने होमगार्ड जवान से कान पकड़वाकर उठक बैठक करवाई उसे इतना धमकाया कि बेचारे को उस अफसर के पैर पकड़कर माफी मांगनी पड़ी ऐसे बदतमीज अफसर को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए।

कोरोना संक्रमण व इससे उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सीएम बघेल का पीएम को खत

पीएम केयर फंड में जमा सीएसआर की राशि मिले राज्य को

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छग की खनन परियोजनाओं और उद्योगों से प्रधानमंत्री केयर फंड में जमा की गई सीएसआर की राशि को राज्य को अंतरित करने सीएम भूपेश बघेल ने पीएम नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। खत में उन्होंने कहा है कि छग की खनन परियोजनाओं और उद्योगों से प्रधानमंत्री केयर फंड में जमा की गई सीएसआर की राशि को राज्य को अंतरित किया जाना चाहिए। सीएसआर की राशि उन्हीं जिलों में व्यय हो जो खनन-उद्योग से प्रभावित व कोविड-19 के संक्रमण से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यदि इस राशि का व्यय कोविड-19 के संक्रमण को रोकने अथवा उससे निपटने हेतु ही व्यय किया जाना है, तो राज्य शासन यह सुनिश्चित करेगा कि सीएसआर मद की राशि उन्हीं जिलों में व्यय ■ शेष पृष्ठ 6 पर



■ मुख्यमंत्री ने कहा खनन-उद्योग से प्रभावित जिलों में हो राशि अंतरित

■ औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से प्रभावित व्यक्तियों में असंतोष व्याप्त

फ्लैगशिप योजनाओं की होगी ऑनलाइन मॉनिटरिंग

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निकट भविष्य में राज्य की फ्लैगशिप योजनाओं की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाईन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं की मॉनिटरिंग में सुविधा की दृष्टि से यह निर्णय लिया है कि इनकी मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाईन की जाए, साथ ही इससे फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी आम जनता के साथ आसानी से साझा भी की जा सकेगी। उन्होंने राज्य की पांच प्रमुख फ्लैगशिप की मॉनिटरिंग के लिए वेबपोर्टल तैयार करने की जिम्मेदारी चिप्स को सौंपी है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा राज्य की फ्लैगशिप योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है।

■ मुख्यमंत्री ने दस दिन के भीतर पोर्टल तैयार करने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रारंभिक तौर पर मुख्यमंत्री कार्यालय के पोर्टल पर नरवा-गरवा-घुरूवा-बाड़ी, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम अस्पताल योजना, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजनाओं को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। आवश्यक होने पर इनमें अन्य योजनाएं भी जोड़ी जा सकेंगी। मुख्यमंत्री भूपेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डॉक्टरों पर हमला तो 7 साल तक जेल

■ सरकार ने 123 साल पुराने कानून में बदलाव करते हुए अध्यादेश लाने का फैसला किया

कोरोना वॉरियर्स के लिए सरकार का बड़ा फैसला

गंभीर मामले में 7 साल तक की सजा और दोगुना जुर्माना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 123 साल पुराने कानून में बदलाव करते हुए डॉक्टरों पर हमला करना को बर्दाश्त नहीं करने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि गंभीर चोट के मामलों में हमला करने वालों को 6 महीने से 7 साल तक की सजा हो सकती है। ऐसे मामलों में जुर्माना 1-5 लाख तक होगा। गाड़ी या क्लीनिक का नुकसान करने पर बाजार रेट से दोगुना नुकसान हमलावारों से वसूल किया जाएगा।

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस महामारी के दौरान देश में डॉक्टरों और नर्सों पर हमले को देखते हुए सरकार उनकी सुरक्षा के लिए एक अध्यादेश लाई है। नरेंद्र मोदी कैबिनेट की बैठक में आज 123 साल पुराने कानून में बदलाव करने का फैसला किया गया और हेल्थकर्मियों के लिए अध्यादेश लाने का फैसला किया गया। इस अध्यादेश के तहत डॉक्टरों और अन्य हेल्थकर्मियों पर हमला करने वालों को अधिकतम 7 साल तक की सजा हो सकती है।

कैबिनेट बैठक के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया। उन्होंने कहा कि सरकार डॉक्टरों और नर्सों पर हमला बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हेल्थकर्मियों पर हमला करने वालों पर 50 हजार से 2 लाख के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शाह से हुई थी डॉक्टरों की बात

जावड़ेकर ने बताया कि आज सुबह की गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ मंत्री हर्षवर्धन ने मेडिकलकर्मियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की थी। डॉक्टरों ने मांग की थी कोरोना काल में उनकी सुरक्षा के लिए सरकार कानून लाए। गृह मंत्री ने उन्हें भरोसा दिया था कि डॉक्टरों और नर्सों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एनएसए, आईपीसी, सीआरपीसी होने के बावजूद यह अध्यादेश लाने का फैसला किया गया।

मंत्री की शिकायत पर पत्रकार अरनब के खिलाफ एफआईआर

■ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश कांग्रेस की ओर से आर भारत टीवी के मुख्य संपादक अरनब गोस्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ट्वीट कर अरनब की आलोचना की है। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों ने सिविल लाइन थाना रायपुर पहुंचकर सोनिया गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में अरनब गोस्वामी के खिलाफ शिकायत की, जिसके आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना अपडेट

देश	कंफर्म केस	मौत
भारत	20543	653
अमेरिका	824147	44999
स्पेन	204178	21282
इटली	183957	24648
फ्रांस	156480	20796
ब्रिटेन	129044	17337
ईरान	84802	5297
जर्मनी	148453	5086
टर्की	90980	2559
कनाडा	36831	1728
स्वीट्जरलैंड	28063	1436
पुर्तगाल	21379	762
ऑस्ट्रेलिया	14873	491

कोरबा : रेत में दबने से दो मजदूरों की मौत

कोरबा। लाकडाउन के इस काल मे छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक दर्दनाक घटना प्रकाश में आ रही है यहां 2 लोगों को नदी किनारे से कोयला निकालना भारी पड़ गया। दरअसल नदी के किनारे से कोयला निकालते समय रेत सरकने से 2 लोगों की दबकर मौत हो गई। मृतकों को रेत से बाहर निकाला गया। घटना कोरबा शहर को दो हिस्सों में विभक्त करने वाली हसदेव नदी की है। इस हादसे में पुरानी बस्ती माझी मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय लक्ष्मीन मांझी और 22 वर्षीय शिवलाल माझी की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बीती रात हसदेव नदी के छोर से कोयला खोदकर निकाल रहे थे। तभी अचानक ऊपर से रेत सरकी और दोनों उसी के नीचे दब गए। सुबह दोनों की मौत की खबर आग की तरह फैल गई और मृतकों को रेत से बाहर निकाला गया। परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

पीएम सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 27 अप्रैल को करेंगे चर्चा

नई दिल्ली ए.। कोरोना संक्रमण के चलते देश को दूसरी बार किए गए लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी राज्यो के मुख्यमंत्रियों के साथ सोमवार (27 अप्रैल) को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग करेंगे। दूसरी बार बढ़ाए गए दो हफ्ते के लॉकडाउन की अवधि 3 मई को समाप्त हो रही है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कोविड-19 पर राज्य के हालत को लेकर उनसे चर्चा कर सकते हैं और अगले कदमों के बारे में राज्यों का सुझाव जान सकते हैं।

पीएम ने 106 साल के पूर्व विधायक को लगाया फोन, हालचाल पूछा

कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में रहने वाले पूर्व विधायक 106 वर्षीय नारायणजी उर्फ भुलई भाई से फोन पर बातचीत की। कोरोना संकट के खिलाफ लड़ाई के बीच प्रधानमंत्री ने फोन पर बात करते हुए बुजुर्ग विधायक से आशीर्वाद लिया।

विश्व के नेताओं की लिस्ट में मोदी टॉप पर

नई दिल्ली ए.। वैश्विक कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में सभी देश अपने-अपने स्तर से लड़ाई लड़ रहे हैं। भारत भी कोरोना वायरस के खिलाफजंग में मजबूती से डटा है और यही वजह है कि डब्लूएचओ से लेकर कई अंतरराष्ट्रीय संगठन तक देश की प्रशंसा कर चुके हैं। कोरोना वायरस से निपटने के प्रयासों में नरेंद्र मोदी दुनियाभर में सबसे आगे हैं, ऐसा अमेरिकी डेटा रिसर्चर कंपनी का दावा है। खतरनाक कोविड-19 के खिलाफजंग में दुनियाभर के टॉप 10 प्रभावशाली नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम शीर्ष पर है। दरअसल, अमेरिकी डेटा रिसर्चर कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट ने कोरोना के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सराहनीय कार्य | किताबों को छत्तीसगढ़ पहुंचाने रेलवे से लगाई थी गुहार

आज रात कोटा से रायपुर पहुंच रहीं दुर्ग के छात्र की किताबें

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजस्थान के कोटा में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ के छात्रों को लाने की अनुमति केंद्र से कब मिल पाएगी और वे कब प्रदेश लौटेंगे इसके बारे में फिलहाल कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना जरूर है कि छात्रों की वापसी के पहले दुर्ग के एक छात्र की किताबें ट्रेन से जरूर प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंच रही हैं। गुरवार की रात को ये किताबें रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंच रही हैं। रायपुर रेलवे डिविजन के सीनियर डीसीएम तन्मय मुखोपाध्याय ने बताया कि कोटा में प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहा दुर्ग का एक छात्र लॉकडाउन के पहले ही कोटा से लौट चुका था। लेकिन उसकी किताबें कोटा में रह गई थी। जिसके बाद इस लड़के ने रेलवे मिनिस्ट्री को ट्वीट कर अपनी किताबें कोटा से छत्तीसगढ़ पहुंचा देने का आग्रह किया। रेलवे ने छात्र की यह अपील मान ली ताकि उसकी पढ़ाई में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। मुखोपाध्याय ने बताया कि उन्हें रेलव बोर्ड से जानकारी मिली है कि संबंधित छात्र की किताबें पहुंचेगी, जिसे रायपुर रेलवे स्टेशन पर अनलोड किया जाना है। हालांकि मुखोपाध्याय ने कहा कि उन्हें छात्र का नाम पता नहीं है।

■ लॉकडाउन के पहले दुर्ग पहुंच चुका था छात्र

केंद्र से अनुमति का इंतजार

राजस्थान के कोटा में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ के छात्रों की वापसी के लिए प्रदेश सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार से संपर्क किया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की अनुमति का इंतजार है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी कोटा में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ के छात्रों को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के संपर्क में हैं। वहीं मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गंगापुर से होंगी लोड, भोपाल होते हुए पहुंचेंगी रायपुर

सीनियर डीसीएम ने बताया कि दुर्ग के छात्र की किताबें राजस्थान के गंगापुर रेलवे स्टेशन से भोपाल के लिए आने वाली पार्सल ट्रेन में लोड की जाएंगी। भोपाल रेलवे स्टेशन पर इन्हें रायपुर आने वाली ट्रेन पर लोड किया जाएगा। यह ट्रेन गुरुवार की रात को रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।

न्यूज गैलरी

टैंकर चालक का कटा एक दिन का वेतन

भिलाईनगर। बिना मास्क लगाए या फेस कवर किए बिना घर से बाहर निकलने वालों पर निगम की टीम ने कार्यवाही की। इस दौरान जोन कं. 02 के क्षेत्र में बिना मास्क लगाए दीपांकर वाहन चालक द्वारा टैंकर चलाते पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि द्वारा किया गया। जोन क. 02 क्षेत्रांतर्गत जोन आयुक्त की उपस्थिति में सुबह 9 बजे निगम के कर्मचारी एकता चौक पर बिना मास्क के आने जाने वाले दुपहिया वाहन में तथा अधिक सवारी वालों पर कार्यवाही कर रहे थे उसी दरम्यान जल प्रदाय हेतु जा रहे टैंकर में वाहन चाहक मास्क नहीं लगाया था तथा अपने साथ दो से अधिक कर्मचारी को ले जा रहा था जिसके कारण 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश जोन आयुक्त द्वारा दिया गया।

तालाब की गंदगी से मर रहे है जीव-जंतु

प्रदूषित पानी से महामारी फैलने की आशंका : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के तालाबों में लगातार बढ़ते प्रदूषण से आसपास निवास करने वाले लोग गदंगी से परेशान है। निगम क्षेत्र की बड़ी आबादी तालाबों के आसपास निवास करती है। हर साल की तरह इस बार भी ग्रीष्मऋतु के पहले तालाबों में सफाई अभियान में देरी के कारण जल स्तर कम होने से तालाबों में मछली व अन्य जीव.जन्तु मर रहे हैं। इसके कारण आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। सफाई न होने और प्रदूषण से परेशान स्थानीय नागरिकों ने विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल को इसकी जानकारी दी। उन्होंने विधायक व महापौर से मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लेने का आग्रह किया। नागरिकों ने संक्रामक बीमारियों से होने वाली महामारी की आशंका भी जताई। सारी समस्याएं सुनने के बाद विधायक अरूण वोरा ने कलेक्टर अंकित आनंद से चर्चा करते हुए सफाई अभियान चलाने की जरूरत बताई। वोरा ने कहा कि लॉकडाउन की वजह से मछलियां नहीं निकाली जा रही है। तालाबों में भारी गदंगी है। चारों तरफ का वातावरण बदबूदार हो गया है। आम जनता का जीना दूभर हो गया है। महासफाई अभियान चलाने के साथ ही तालाबों में आसपास के एरिया की सीवरेज नाली को बंद करने का काम भी जरूरी है। महापौर बाकलीवाल ने निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन को कमेटी बनाकर अविलंब शहर के सभी तालाबों व नहरों के लिए कार्ययोजना बनाकर पानी भरने से पहले ही मरम्मत व तालाबों से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण करने कहा है।

शिक्षक नगर पानी टंकी का किया निरीक्षण

लंबे समय से गंदे पानी की शिकायत को देखते हुये आज विद्यायक वोरा एव महापौर बाकलीवाल द्वारा शिक्षक नगर पानी टंकी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देकर शहर में गंदे पानी की शिकायत को सबसे पहले प्राथमिकता के साथ निराकरण करने कहा गया । उन्होंने कहा सभी पानी टंकियों का जल्द से जल्द साफ-सफाई की जाए, बर्दास्त नही की जाएगी। श्री वोरा ने बताया मेरे निर्देश के बाद आज 10 सालों बाद शिक्षक नगर पानी टंकी को ब्लीचिंग केमिकल डालकर विशेष साफ सफाई करवाया जा रहा है। यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेंगा। इसके पहले शनिचरी बाजार पानी टंकियों का सफाई किया गया। विभागीय द्वारा जानकारी दी गई एक सप्ताह के अंदर शहर के सभी पानी टंकियों का साफ-सफाई कर साफ सुथरा एव शुद्ध पानी लोगो को दिया जाएगा। इसके अलावा वार्ड 30 तमेरपारा, वार्ड 32 मैथिलपारा, वार्ड 7 लुचकीपारा वार्ड 6 कायस्थ पारा के अलावा वार्ड 33 शिवपारा इन क्षेत्रों को कल से शुध्द पेयजल मिलना शुरू हो जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गया पटेल, शिक्षा विभाग प्रभारी मनदीप सिंग भाटिया, सहअभियंता एआर रंगहड़ाले, उपअभियंता आरके ढाबाले, जलकार्य निरीक्षण नारायण सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद फत्तेसिंह भाटिया के अलावा अन्य मौजूद थे।

साईं मंदिर में जरुरतमंदों हेतु रोज तैयार हो रहा है भोजन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए प्रभावशील लॉकडाउन में श्री साई बाबा मंदिर समिति सिविल लाईन कसारीडीह द्वारा श्री साई बाबा के मानव सेवा के संदेश को चरितार्थ करते हुए शहर के गरीब व जरुरतमंद परिवारों के भोजन सेवा में योगदान दे रही है। बुधवार को विधायक अरुण वोराएमहापौर धीरज बाकलीवाल व शहर अध्यक्ष गया पटेल मंदिर पहुंचे। इस दौरान वोरा ने समिति के सेवाभावी कार्यो की सराहना करते हुए जरुरतमंदों के भोजन व्यवस्था के लिए चांवल व हरी सब्जियां समिति को दान की। श्री वोरा समाजसेवी संस्थाओं को लगातार खाद्यान्न उपलब्ध करवा रहे है। जिससे जरुरतमंदों के लिए भोजन व्यवस्था की पूर्ति की जा रही है। श्री वोरा पूर्व में अपने विधायक निधि से खाद्यान्न खरीदी के लिए 7ण्50 लाख व एक माह का मानदेय राज्य सरकार फंड में जमा करवा चुके है। इस विषम परिस्थितियों में श्री वोरा की सेवाभावी कार्यो की मंदिर समिति के अलावा शहर की जनता ने सराहना की है। खाद्यान्न दान के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष आरके भटनागर, सहसचिव संतोष यदु, प्रचार मंत्री मुरलीधर राऊत, शिवाकांत तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर वाघ, सुरेश कुमार साहू, सुजीत गुप्ता, संतोष खिरोडकर, अजय सुरपाम, प्रकाश शिवणकर, पं. कैलाशचंद तिवारी, पूर्व पार्षद अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, मुस्कान मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण मिश्रा, प्रकाश गीते, शकुन ढीमर, नासिर खोखर, कुमार वानखेड़े, पप्पू श्रीवास्तव, राजकुमार पाली, सुशील भारद्वाज एवं अन्य लोग मौजूद थे।

निगम ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही

जोन 2 में मास्क ना पहनने के सबसे ज्यादा 152 लोगों पर कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर बिना मास्क लगाए या फेस कवर किए बिना ही घर से बाहर निकलने वालों, सड़क पर थूकने वालों, अनावश्यक विचरण करने वालों, वाहन पर अधिक सवारी पर निगम की टीम ने आज सुबह से ही कार्यवाही करना प्रारंभ कर दिया था। टीम प्रातः से ही सुपेला, गदा चौक, पावर हाउस, चंद्रा मौर्य, वैशालीनगर, एकता चौक, नेहरू नगर, सेक्टर 06 चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों के चौक चौराहों पर निगम की टीम बिना मास्क लगाए आने जाने वालों को रोककर 200 रूपए की अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही किए। कई स्थानों पर अर्थदंड लेने के बाद लोगों को मास्क भी प्रदान किया। जिसमें एकता नगर चौक सम्मिलित है। निगम के सभी जोन में जोन आयुक्त के निर्देशन में निगम कर्मचारियों की टीम बनाकर अपने.अपने क्षेत्र में दुपहिया व चार पहिया वाहनों में अधिक सवारी वाले की मॉनिटरिंग किए अधिक लोग बैठे पाए जाने पर उनसे भी अर्थदंड लिया गया। निगम क्षेत्र में कोविड-19 नोवल कोरोना वायरस के रोकथाम एवं बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनना या अन्य कोई उपाय से फेस कवर करना अनिवार्य कर दिया है। घर से बाहर निकलते समय कपड़े का बना हुआ। दो या तीन प्लाई के मास्क को मुंह, नाक व ठोडी का हिस्सा कवर करते हुए उपयोग किया जा सकता है ताकि कोरोना के किसी व्यक्ति के नजदीक आने छींकने या खांसने से फैलने वाले संक्रमण से बचाव हो सके।

घर से बाहर निकलने पर पैदल चलने वाले, साईकिल चालक, दो पहिया या चार पहिया वाहन में हो सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है इसके अलावा बाजार व दुकानों में विक्रेता तथा ग्राहक को भी लेन देन के दौरान फेस कवर करने के साथ ही सोशल डिस्टेंस का पालन अतिआवश्यक रूप से किया जाना है। निगम क्षेत्र में नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों पर कार्यवाही की गई जिसमें जोन 01 में नेहरू नगर, स्मृतिनगर, जुनवानी क्षेत्र में 38 लोगों से 7500, जोन 02 में एकता चौक, कुरूद चौक व वैशालीनगर गोल मार्केट में 152 लोगों से 31600, जोन 03 मदरटेरेसा नगर के चंद्रा मौर्या, पावरहाउस क्षेत्र में 31 लोगों से 16000, जोन 04 शिवाजी नगर, अंडा चौक, खुर्सीपार क्षेत्र में 18 लोगों से 4000 जोन 05 के सेक्टर एरिया में 13 लोगों से 3000 तथा निगम मुख्यालय के उड़नदस्ता की टीम ने सुपेला चौक, संजय नगर सब्जीमंडी व अन्य सार्वजनिक स्थान मे 33 लोगों से 7100 रूपए वसूल किया गया। निगम क्षेत्र में कुल 284 लोगों से 69 हजार 200 रूपए अर्थदंड लिए गए। आज की कार्यवाही में जोन 1 के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, जोन 02 के जोन आयुक्त आयुक्त सुनील अग्रहरि, जोन 03 जोन आयुक्त महेन्द्र पाठक, जोन 04 आयुक्त प्रीति सिंह व जोन 05 के प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन कर्मचारियों के साथ अर्थदंड की कार्यवाही किए।

कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज पाए जाने की स्थिति में उसका समुचित इलाज सुनिश्चित करने हुआ मॉकड्रील

- मॉकड्रील में लगभग 500 अधिकारी, कर्मचारी हुए शामिल
- कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने फ्लैग मार्च कर क्षेत्र का लिया जायजा

बालोद। जिले में किसी भी व्यक्ति के नोवल कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने की स्थिति में उसका समुचित इलाज सुनिश्चित करने आज जिला प्रशासन द्वारा प्रातः 08 बजे से शाम 05 बजे तक मॉकड्रील किया गया। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू और पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में मॉकड्रील के लिए नगर पालिका परिषद बालोद के वार्ड क्रमांक-11 को चिन्हित कर वहॉ पर कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज की उपस्थिति मानते हुए उसे उसके घर से सुरक्षित अस्पताल पहॅुचाने और उसकी समुचित इलाज की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं का मॉकड्रील किया गया।

मॉकड्रील के दौरान बेरिकेटिंग कर संबंधित वार्ड को सील किया गया। एक आने का रास्ता और एक बाहर जाने का रास्ता बनाया गया। पॉच आर.आर.पी. टीम का गठन किया गया, जिसमें 20 सदस्य थे। उसके नोडल अधिकारी बालोद तहसीलदार को बनाया गया था। कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग का कार्य एक नगर निरीक्षक और एक उप निरीक्षक द्वारा किया गया। पुलिस टीम द्वारा 10 जगहों पर रोड डायवर्ट किया गया। पुलिस टीम द्वारा वार्ड के दुकानों को बंद कराया गया। नगर पालिका द्वारा चार सफाई टीम बनाया गया था। नगर पालिका के चार टीम द्वारा वार्ड का सेनेटाईजेशन किया गया। घर-घर राशन सामग्री, दुध, दवाई आदि सप्लाई के लिए चार टीम का गठन किया गया था। नगर पालिका द्वारा पशुओं के लिए चारा पहॅुचाया गया।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च कर क्षेत्र का जायजा लिया गया। कोविड हॉस्पिटल में एक व्यक्ति के उपचार का डेमो किया गया। उक्त व्यक्ति के परिवार व किराएदार सहित पॉच लोगों को क्वारंटिन सेंटर में रखा गया। मॉकड्रील में लगभग 500 अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्र की सारी गतिविधियों की मॉनीटरिंग ड्रोन कैमरा के माध्यम से की गई।

कलेक्टर ने की मॉकड्रील में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों की सराहना: कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जिले में किसी व्यक्ति के नोवल कोरोना वायरस से संक्रमित होने की स्थिति में उसका समुचित इलाज सुनिश्चित करने हेतु आज किए गए मॉकड्रील में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों की सराहना की।

संयंत्र के भीतर कार्यस्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग के प्रति जागरूक

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। यह अक्सर कहा जाता है कि जब राह कठिन हो, तो हौसला रखने वाले ही आगे बढ़ते हैं। इस्पात संयंत्र ने इस मंत्र को कार्यस्थल पर चरितार्थ किया है। इस्पात बिरादरी ने उत्पादन के साथ कोरोना वायरस से बचाव हेतु इसी हौसले का प्रदर्शन किया है। बीएसपी ने नियमित रूप से सोशल डिस्टेंसिंग, वर्क फ्रॉम होम (रोस्टर पर आधारित), हैंड वाशिंग और प्लांट्स एवं टाउनशिप्स को डिसइंफेक्ट करने जैसे कई कदम उठाए हैं। कोरोना की महामारी से बचाव का पहला मूल मंत्र है सोशल डिस्टेंसिंग। प्रधानमंत्री, इस्पात मंत्री, सेल चेयरमैन और सेल के निदेशक (प्रोजेक्ट्स एवं बिजनेस प्लानिंग) एवं बीएसपी के सीईओ तक ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु अपील कर रहे हैं। मास्क पहनने की गुजारिश की जा रही है। संयंत्र के कार्मिकों व अधिकारियों द्वारा संयंत्र के भीतर किस प्रकार पालन किया जा रहा है। संयंत्र के अधिकांश ऑपरेशनल कार्यों से लेकर रिपेयर कार्यों में भी सोशल डिस्टेंसिंग देखने को मिल रहा है। संयंत्र के विभिन्न विभागों में इसके प्रति बेहद जागरूकता दिखाई दे रही है। संयंत्र के नियमित कर्मचारियों से लेकर ठेका श्रमिकों तक कार्यों के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का बखूबी पालन किया जा रहा है। साथ ही सभी कार्मिक व अधिकारी मास्क लगाकर काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कार्यस्थलों पर कोरोना वायरस से बचाव के समग्र उपाय भी देखने को मिले। जिसमें लोगों ने बताया कि प्रतिदिन कार्यस्थल का सैनिटाइजेशन किया जा रहा है और हाथ धोने के लिए साबुन व सैनिटाइजर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। ऑपरेशन से लेकर रिपेयर तक कोरोना वायरस से बचाव हेतु जागरूकता दिखाई दे रही है।

फोटोयुक्त थैले के चक्कर में नहीं पहुंचा राशन

दुर्ग। निगम नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा व भाजपा पार्षदों ने कहा है कि निगम प्रशासन जरूरतमंदों को राशन नहीं बांट पा रहा है। निगम के पास राशन सामग्री बांटने के लिए थैले नहीं है। निगम उसी थैले में राशन सामग्री बांटेगा जिसमें विधायक अरुण वोरा की फोटो होगी। फोटोयुक्त थैले के चक्कर में निगम के 60 वार्डों के 23 हजार जरूरतमंदों को राशन सामग्री नहीं मिल पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष वर्मा ने जारी बयान में कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण का रोकथाम व बचाव के लिए सरकार द्वारा किए गए लॉकडाउन से कई गरीब, मजदूर प्रभावित हो गए हैं। जिला व निगम प्रशासन तथा शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा ऐसे जरूरतमंदों के लिए भोजन व सूखा राशन सामग्री की व्यवस्था की जा रही है। निगम के सभी वार्ड पार्षद अपने-अपने वार्डों में ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए राशन सामग्री की व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं। निगम के 42 वार्ड के पार्षदों ने अपनी पार्षद निधि से दो- दो लाख के अपने वार्ड के जरूरतमंदों को राशन सामग्री उलब्ध कराने निगम प्रशासन को सहमति दे दी है। लेकिन इसके बाद भी कई वार्डों में निगम प्रशासन राशन सामग्री उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। राशन सामग्री के लिए भाजपा ही नहीं कांग्रेस के पार्षद भी निगम के स्वामी विवेकानंद सभागार भवन का चक्कर काट रहे हैं। विवेकानंद सभागार भवन से राशन सामग्री वितरित किया जा रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा विभिन्ना वार्डों में अब तक करीब सात हजार राशन सामग्री के थैले का वितरण किया गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
1250/अ-2 /2019-20	देवाशीष पांडा	2020002100400305

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक देवाशीष पांडा आ. काली पोदो पांडा निवासी म.न. 1661/22 खनिज नगर व्ही.आई.पी. रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	668/3 668/5 668/4 669/11	0.10 हें 11047 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर

क्र. 05/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2020/ कांकेर, दिनांक 16.04.2020

-:: मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- निम्नांकित ग्रामों में नलजल प्रदाय योजनांतर्गत पाईप लाईन बिछाने एवं वाल्व चेम्बर, स्टैण्ड पोस्ट निर्माण, पावर पंप से डिस्ट्रीब्यूशन लाईन में इंटरकनेक्शन कार्य एवं अन्य कार्य। (शेड्यूल अनुसार)

समूह क्र.	ग्राम/विकासखण्ड	अनुमानित लागत रु. लाख में	निविदा प्रपत्र क्रय करने का अंतिम दिनांक
01	ग्राम कुरूटोला विकासखण्ड चारामा	6.80	28.04.2020
02	ग्राम किशनपुरी विकासखण्ड चारामा	7.598	
03	ग्राम पदमपुर विकासखण्ड चारामा	5.776	
04	ग्राम कांटागांव विकासखण्ड चारामा	7.262	

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-80114/2

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)

नि.सू. क्रमांक /02/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2020 राजनांदगांव, दिनांक 20.04.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ''एफ'' में लोक निर्माण विभाग में ई-रजिस्ट्रेशन में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित स्वीकृत योजना के ''एक मुश्त अनुबंध के आधार पर'' छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से आमंत्रित की जाती है। जिसके अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विभिन्न विकासखण्डों में उच्च स्तरीय आर.सी.सी. जलागार का ड्राइंग, डिजाईन, निर्माण, परीक्षण एवं कमिशनिंग का सम्पूर्ण कार्य की निविदा विवरण निम्नानुसार है जिसके प्रत्येक समूह के लिए कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए 750/- है **निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.05.2020 (सायं 5.00 बजे तक) है।**

समूह क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि
1	विकासखंड अ. चौकी के ग्राम चिल्हाटी में 80 कि.ली. जल क्षमता तथा 10 मी. उंचाई	10.42	7900
2	विकासखंड अ. चौकी के ग्राम होंडीटोला में 40 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई	7.36	5600
3	विकासखंड अ. चौकी के ग्राम गोर्राटोला में 40 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई	7.36	5600
4	विकासखंड अ. चौकी के ग्राम मक्के में 40 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई	7.36	5600
5	विकासखंड अ. चौकी के ग्राम खुर्सीटिकुल (करमतरा) में 40 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई	7.36	5600
6	विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम कोनारी में 40 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई	7.36	5600
7	विकासखंड छुईखदान के ग्राम खैरी में 60 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई	9.14	6900
8	विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम खैरझिटी में 80 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई	10.84	8200

जी-80119/1

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)

(निविदा आमंत्रण सूचना)

क्रमांक-2110/NIT-03/2020-21/नि.लि. दिनांक 15/04/2020

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08.05.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 18.05.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 19.05.2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रु.में) :- रुपए 750.00
5. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र "A"
6. निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' श्रेणी तक
7. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 31/03/2021 तक

एन आई टी क्र. निविदा क्रं.	कार्य का नाम No Of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
3 T0018	(गुल्लू) तामासिवनी नवापारा (एस.एच.-20) रोड एवं एन.एच. 53 परसदा स्टेडियम पहुंच मार्ग में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0019	चरोदा गिधवा छटेरा मार्ग आरंग सेक्शन में बी.टी. पेंच रिपेयर (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0020	पारागांव गोविंदा टीला मार्ग आरंग सेक्शन में बी.टी. पेंच रिपेयर (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0021	आरंग सेक्शन के आवासीय भवनों में डिस्टेपरिंग एवं फिनिशिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0022	शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा रायपुर में वाटर प्रूफिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0023	शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा रायपुर में आईल पेंटिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0024	आरंग सेक्शन के गैर आवासीय भवनों में डिस्टेपरिंग एवं फिनिशिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0025	आरंग सेक्शन के गैर आवासीय भवनों में आईल पेंटिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0026	शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा रायपुर में डिस्टेपरिंग एवं फिनिशिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0027	आरंग सेक्शन मार्ग के ट्रेफिक साईन, मार्किंग एवं अन्य रोड एपूरटेनेन्स कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0028	शासकीय महाविद्यालय भवन आरंग में विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0029	शासकीय स्कूल भवन आरंग सेक्शन में विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0030	आरंग सेक्शन के शासकीय गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0031	लोनिवि निर्माण उपसंभाग क्र.-2 रायपुर के अंतर्गत मेडिकल कालेज उपखण्ड का सामान्य मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0032	लोनिवि निर्माण उपसंभाग क्र.-2 रायपुर के अंतर्गत राजभवन उपखण्ड का सामान्य मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0033	लोनिवि निर्माण उपसंभाग क्र.-2 रायपुर के अंतर्गत कचहरी उपखण्ड का सामान्य मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0034	लोनिवि निर्माण उपसंभाग क्र.-2 रायपुर के अंतर्गत जेल उपखण्ड का सामान्य मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0035	लोनिवि निर्माण उपसंभाग क्र.-2 रायपुर के अंतर्गत मेकाहारा उपखण्ड का सामान्य मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
3 T0036	लोनिवि निर्माण उपसंभाग क्र.-2 रायपुर के अंतर्गत कचहरी उपखण्ड के मार्गों का सामान्य मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-80096/2

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग क्र.-2 रायपुर (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

रात में नहीं खुलेगा डूमरतराई थोक सब्जी मार्केट

रायपुर। राजधानी के डूमरतराई थोक सब्जी बाजार को रात में खोलने का आदेश टल गया है। कलेक्टर ने 21 अप्रैल से रात में बाजार को खोलने का आदेश जारी किया था। अभी यह आदेश अनिश्चितकाल के लिए टल गया है। थोक और चिल्हर बाजारों में लॉकडाउन का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। गत दो दिनों से इसमें आंशिक छूट दी गई है। यही कारण है कि अब लोगों ने बेवजह सड़कों पर निकलना शुरू कर दिया है।

रायपुर जिले के बनचरोदा का चयन

● नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार-2020 के लिए किया गया

रायपुर। भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय द्वारा रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के ग्राम बनचरौदा का चयन नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार-2020 से सम्मानित किया गया है। यह चयन वर्ष 2018-19 में किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया गया है । भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने राज्य के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है।

माना में 100 बिस्तर वाला कोविड-19 अस्पताल तैयार

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायपुर के माना में कोविड-19 के मरीजों इलाज के लिए 100 बिस्तर वाला विशेषीकृत अस्पताल तैयार किया गया है। यहां कोरोना संक्रमितों के इलाज के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध है। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं नीरज बंसोड़ ने बताया कि राजधानी रायपुर के नजदीक माना स्थित सिविल अस्पताल को कोरोना पीड़ितों के इलाज के लिए 100 बिस्तरों के विशेष अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है। यहां 24 बिस्तरों का आईसीयू भी बनाया गया है। श्री बंसोड़ ने बताया कि माना के कोविड-19 हॉस्पिटल में वेंटिलेटर्स सहित कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के इलाज की सुविधा सुनिश्चित की गई है। इस हॉस्पिटल में कोरोना संक्रमित गर्भवती माताओं की डिलेवरी की भी व्यवस्था है। यह हॉस्पिटल कोविड-19 के इलाज के दौरान बरती जाने वाली सभी आवश्यक सावधानियों और मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां प्रवेश एवं निकास द्वार की पृथक-पृथक व्यवस्था के साथ ही संक्रमितों के उपचार व देखभाल के बाद डॉक्टरों एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ के डिसइन्फेक्शन की भी व्यवस्थाएं की गई है।

दिखने लगा नरवा, गरवा, घुरवा, बारी को सहेजने का असर

सब्जियां उगाकर और वर्मी कंपोस्ट बेचकर आत्मनिर्भर हो रही हैं महिलाएं

नरवा संवर्धन से जलस्तर में बढ़ोतरी, गौठान ने फसलों को बचाया आवारा मवेशियों से

नव प्रदेश संवाददाता

रायगढ़/ रायपुर। छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारियों को सहेजने की सुराजी गांव योजना का असर अब गांवों में दिखने लगा है। यह योजना खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती तो दे ही रही है, ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर भी खोल रही है। कोविड-19 के चलते देशव्यापी लॉक-डाउन के दौर में भी महिलाएं बाड़ी में सब्जी उगाकर और गौठान में निर्मित वर्मी कंपोस्ट की बिक्री कर कमाई कर रही हैं। ये महिलाएं सब्जियों का वितरण कर ग्रामीणों की मदद भी कर रही हैं।

नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना के अंतर्गत भू-जल स्तर सुधार, पशुधन विकास, जैविक खाद निर्माण और बाड़ी विकास के कार्यों के अब सकारात्मक परिणाम दिखना शुरू हो गया है। रायगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड में करीब डेढ़ हजार की आबादी वाले गांव हिर्री के गौठान में दो महिला स्वसहायता समूह सब्जी उगा रही हैं। श्री ग्राम्य भारती और लक्ष्मी स्वसहायता समूह की 15-15 महिलाएं गौठान की डेढ़ एकड़ बाड़ी में भिंडी, करेला, केला और कद्दू की खेती कर रही हैं। यहां से निकली सब्जियों को अभी लॉक-डाउन में निराश्रितों और जरूरतमंदों को वितरित किया जा रहा है। बची सब्जियों को बेचकर समूह की महिलाएं जीविकोपार्जन भी कर रही हैं।

हिर्री में कुछ अन्य स्वसहायता समूह की महिलाएं गौठान में वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के काम में लगी हुई हैं। अभी हाल ही में इन महिलाओं ने स्थानीय किसानों को 15 क्विंटल जैविक खाद बेचा है। किसानों को वर्मी कंपोस्ट उपलब्ध कराने के साथ साथी महिलाओं की बाड़ी के लिए भी वे जैविक खाद देती हैं। जैविक खाद के उपयोग से मृदा और पर्यावरण दोनों की सेहत सुधर रही है। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के दौरान केचुओं का संवर्धन कर इसका भी विक्रय किया जा रहा है। गौठान और बाड़ी में काम के दौरान सभी महिलाएं कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के उपायों का पालन कर रही हैं। साबुन से बार-बार हाथ धोने के साथ ही शारीरिक दूरी बनाए रखते हुए मास्क या कपड़े से मुंह ढंककर काम कर रही हैं।

सुराजी गांव योजना के अंतर्गत गांव के पास से गुजरने वाले नाले में जल संवर्धन के लिए बोल्डर चेकडैम बनाया गया है। इसके निर्माण से गांव के भू-जल स्तर में काफी सुधार आया है। पहले गर्मी के दिनों में गाँव के हैण्डपंप का पानी सूखने या नीचे चले जाने के कारण हर साल अतिरिक्त पाइप डलवाने की जरूरत पड़ती थी। पर इस साल उससे राहत है। भू-जल का स्तर यदि नहीं बढ़ा होता तो अभी लॉक-डाउन की स्थिति में हैंडपंप सुधार का कार्य और पानी की कमी दोनों ही बड़ी समस्या बन सकती थी। इधर-उधर घूमने वाले मवेशियों को अब गौठान में रखे जाने से किसान भी राहत महसूस कर रहे हैं। खुली चराई के कारण फसलों को होने वाले नुकसान से वे अब बेफिक्र हो गए हैं।

सरकार की सुराजी गांव योजना से मिला सैकड़ों महिलाओं को रोजगार

■ पांच महिला समूहों ने बंजर जमीन में उपजायी हरी सब्जियां: आमदनी भी हुई शुरू

■ महिलाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति जताया आभार

रायपुर। *छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना से कबीरधाम जिले की ग्राम पंचायत राजानवागांव के पांच स्व-सहायता समूहों की लगभग 100 महिलाओं ने बंजर भूमि को खेती-बाड़ी के लायक बनाकर सब्जियों की खेती करना शुरू किया। अब यहां हरी सब्जियों का उत्पादन शुरू हो गया है और इससे महिलाओं को आमदनी भी होने लगी है। इससे महिलाओं को रोजगार मिला गया है। समूह की महिलाएं इस अनुपयोगी जमीन को खेती के लिए तैयार कर भिंडी, करेला, बरबट्टी, ककड़ी और लौकी की खेती कर रही हैं। यहां पर मनेरगा के तहत एक तालाब का भी निर्माण किया गया है, ताकि महिला समूहों को मछली पालन व्यवसाय से भी जोड़ा जा सके। जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने वाली सुराजी गांव योजना से राजानवागांव के आसपास के पांच अलग-अलग समूह को जोड़ा गया। इन सभी समूह को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें मल्टीयुटीलिटी सेन्टर से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मिलने के बाद समूह की महिलाओं की जीवन स्तर को उन्नत करने और नियमित रूप से रोजगार देने के लिए अनुपयोगी खाली जमीन को उन्हें दिया गया। पांच अलग-अलग महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने जिला प्रशासन की मदद से अपनी दिन-रात की कड़ी मेहनत कर पांच एकड़ खाली बंजर जमीन को खेती के लिए तैयार किया। कबीरधाम जिले की इस अभिनव पहल से पांच महिला स्वसहायता समूहों की सौकड़ों महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। साईराम महिला स्वसहयता समूह की अध्यक्ष द्रोपति मानिकपुरी, राधारानी समूह की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राव, भारत माता स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सुश्री सुनिता श्रीवास, मां दुर्गा समूह की अध्यक्ष सुश्री राजबाई पटेल और कुकमुम भाग्य समूह की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती धुर्वे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण एवं जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के. ने महिला समूह की मेहनत की तारीफकी है।*

जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने एकजुट रायपुर

'डोनेशन ऑन व्हील्स' से जुड़ रही हैं कई संस्थाएं

रायपुर। कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन के निर्देश पर जरूरमंदों तक राहत पहुंचाने के लिए पूरा शहर एकजुट हो रहा है। आज परोपकार फाउंडेशन के सदस्यों ने 25 सौ राहत पैकेट डोनेशन ऑन व्हील्स पर अन्नदान किया। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बताया कि परोपकार फाउंडेशन के अलावा पीडब्लूडी द्वारा 300 राहत पैकेट और कैट के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व पर रायपुर कम्प्यूटर एसोसिएशन द्वारा 100 राहत पैकेट, बालाजी फ्रूट्स मार्केट लालपुर द्वारा 150 राहत पैकेट, रायपुर प्लेवुड एसोसिएशन द्वारा 200 राहत पैकेट, श्रीराम वेजिटेबल मार्केट डूमरतराई द्वारा 200 राहत पैकेट, डूमरतराई किरण एंड अनाज मार्केट द्वारा 300 राहत पैकेट, रायपुर आयरन एंड स्टील एसोसिएशन द्वारा 500 राहत पैकेट डोनेशन ऑन व्हील्स पर प्रदान किए गए। वहीं छत्तीसगढ़ दाल मिल एसोसिएशन ने 500 किलोग्राम दाल व गुढ़ियारी थोक व्यापारी संघ ने 700 किलोग्राम आटा जिला प्रशासन द्वारा इस हेतु नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी केदार पटेल के नेतृत्व में स्वयंसेवी संस्था आभास फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने यह अन्नदान प्राप्त किया।

शहर में प्रमुख मार्गों में पुलिस की जांच तेज

रायपुर। राजधानी में भले ही लॉकडाउन में मिली छूट के बाद चहल-पहल में कुछ वृद्धि देखी जा रही है। लेकिन बावजूद इसके शासन-प्रशासन की सख्ती बरकरार है। चौक-चौराहों में अभी भी पुलिस का कड़ा पहरा है। खासकर ऐसे मार्गों में जो शहर में प्रवेश और निकासी के मुख्य मार्ग हैं, पुलिस की सख्ती पहरेदारी के चलते प्रत्येक वाहनों की चेकिंग जारी है। कुछ ऐसा ही नजारा आज संतोषीनगर चौराहा और टिकरापारा चौराहे के पास देखने को मिली। जहां पुलिस ने पूरा मार्ग अवरुद्ध कर वाहनों की तथा वाहन चालकों की संपूर्ण जांच उपरांत ही वाहनों को आगे बढ़ने दिया। संतोषीनगर चौराहे में पुराना धमतरी रोड आकर मिलता है। राजिम, अभनपुर, धमतरी जैसे इलाकों से रायपुर शहर में प्रवेश करने के लिए यह एक मुख्य मार्ग के रूप में उपयोग होता आ रहा है। रायपुर से सटे ग्रामीण इलाकों के हजारों नागरिक इस मार्ग का उपयोग करते हैं, लिहाजा इस चौराहे में आज पुलिस ने सख्ती बेरिकेटिंग कर प्रत्येक वाहन चालकों की जमकर चेकिंग की गई।

सीएम का निर्देश, गरीब परिवारों को जून माह का भी चावल मिलेगा नि:शुल्क

■ राशनकार्डधारियों को जून माह के चावल के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तीन माह के अतिरिक्त चावल का होगा नि:शुल्क वितरण

■ उचित मूल्य दुकानों से एक मई से प्रारंभ होगा वितरण

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के प्रबंधन के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के गरीब परिवारों को जून माह का भी चावल नि:शुल्क प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अप्रैल और मई माह का चावल भी नि:शुल्क प्रदान किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारियों को जून माह के चावल के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के हितग्राहियों को अप्रैल से जून तीन माह का अतिरिक्त चावल भी नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। खाद्यान्न का वितरण उचित मूल्य दुकानों से 01 मई से प्रारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अंत्योदय, प्राथमिकता, नि:शक्तजन, एकल निराश्रित और अन्नपूर्णा राशन कार्डधारियों को जून माह का चावल नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। इसके साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डधारियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित अंत्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्डधारियों को नियमित आबंटन के साथ अप्रैल से जून तीन माह के अतिरिक्त चावल का नि:शुल्क वितरण एक मई से प्रारंभ किया जाएगा।

नई पहल पशुओं के नजदीकी गौठान में व्यस्थापन में होगी काफी सहूलियत

छत्तीसगढ़ राज्य में 3350 गौठानों की हुई जियो टैगिंग

■ प्रदेश की 10 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में से 5409 ग्राम पंचायतों में गौठानों की मंजूरी: 1929 गौठानों का निर्माण पूर्ण

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों को अब जियो टैगिंग के माध्यम से नजदीकी गौठान की सटीक जानकारी मिल सकेगी। प्रदेश में गौठानों के जियो टैगिंग का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। वर्तमान में 3350 गौठानों की जियो टैगिंग की जा चुकी है। इससे ग्रामीणों के लिए अपने पशुओं के नजदीकी गौठान में व्यस्थापन में काफी सहूलियत होगी। जियो टैगिंग करने से न सिर्फ गौठान की लोकेशन की जानकारी मिलेगी बल्कि पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान और बधियाकरण जैसे कार्यों के लिए पशु पालकों और पशु पालन विभाग को भी आसानी होगी।

प्रदेश के गौठानों की सटीक स्थिति ज्ञात करने के लिए विभागीय वेबसाइट http://nggb.cg.nic.in में जियो टैगिंग गौठान बटन दबाने पर नक्शे पर गौठान की स्थिति व फोटो की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। गौठानों का जियो टैग का कार्य पशुधन विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा गौठान स्थान पर भौतिक रूप से पहुंच कर मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर अक्षांश एवं देशांतर अंकित किया जाता है।

वर्तमान में प्रदेश में आधे से अधिक ग्राम पंचायतों में गौठानों के कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं और 1929 गौठान पूर्ण हो चुके हैं। प्रदेश में कुल 10 हजार 5 ग्राम पंचायतों में से 5 हजार 409 ग्राम पंचायतों में गौठान स्वीकृत किए जा चुके हैं। स्वीकृत गौठानों को पूर्ण करने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। शेष ग्राम पंचायतों में भी गौठानों के काम लगातार स्वीकृत किए जा रहे हैं। लॉकडाउन के उपरांत शेष गौठानों की भी जिया टैगिंग प्राथमिकता से की जाएगी।

छत्तीसगढ़ शासन की सुराजी ग्राम योजना के तहत राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से गांव-गांव में नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी के विकास के काम प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। सुराजी ग्राम योजना के महत्वपूर्ण घटक गरूवा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पशुओं के लिए गौठान का निर्माण कराया जा रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर रेडी-टू-ईट और सूखा राशन वितरित

■ हितग्राहियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव की भी दी जा रही समझाईश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य में कोरोना वायरस की रोकथाम और नियंत्रण के तहत फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज हितग्राहियों को उनके घर पर ही पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेडी-टू-ईट और सूखा राशन वितरित कर रहे हैं।

बेमेतरा जिले में लॉकडाउन के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ मे सुधार लाने की दिशा मे विशेष प्रयास किए जा रहे है। बेमेतरा जिले में संचालित 1079 आंगनबाड़ी केन्द्रों के हितग्राहियों को घर-घर जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट का वितरण (टी.एच.आर.) किया जा रहा है। 6 माह से 3 वर्ष तक के 38833 हितग्राही एवं 3 से 6 वर्ष के 32224 हितग्राही, गर्भवती माता 7138 शिशुवती माता 7890 और किशोरी बालिका 202 कुल 86287 हितग्राहियों को रेडी टू ईट के द्वारा लाभांवित किया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर में रेडी टू ईट देने के साथ ही गृह भेंट के माध्यम से कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं फैलाव से बचाव हेतु समझाईश भी दी जा रही है, जैसे घर पर ही रहना, भीड़ वाले स्थान पर ना जाना, मास्क का उपयोग करना, यथा समय साबुन से बार-बार हाथ धोना एवं यदि कोरोना वायरस के लक्षण मिले तो सीधे चिकित्सक से परामर्श लेना साथ ही स्वच्छता व साफसफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जा रही है।

संपादकीय

कोरोना को लेकर राजनीति न हो

जानलेवा कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया है, भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 20,000 हो चुकी है। इसके बावजूद भारत में स्थिति काबू में है। एक अमेरिकी संस्था ने अपने सर्वे में कहा है कि कोरोना से निपटने में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले नंबर पर है। भारत की यह उपलब्धि देश के कुछ विपक्षी दलों को रास नहीं आ रही है और वे लगातार मोदी सरकार पर निशाना साध कर दुनिया में देश की छवि धुमिल करने की कोशिश कर रहे है। आज जरूरत इस बात की है कि सत्तापक्ष और विपक्ष कंधे से कंधा मिलाकर इस वैश्विक संकट से निपटने का रास्त तलाशे। किन्तु मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए कुछ स्नाम धन्य नेता अनरगल प्रलाप कर रहे है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी तो सीधे केन्द्र से टकराव मोल ले रही है। उन्होने पहले तो बंगाल में केन्दीय टीम को भेजे जाने का कड़ा विरोध किया लेकिन जब केन्द्र सरकार ने तल्ख तेवर दिखाए तब कहीं जाकर उन्होने केन्द्रीय दल को बंगाल में काम करने की इजाजत दी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के क्रिया कलापों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल के राज्यपाल ने आरोप लगाया है कि बंगाल सरकार जमातियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं कर रही है और गरीबों के हिस्से के राशन की बंदरबांट कर रही है। इधर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी विवादास्पद ट्वीट कर कहा है कि आखिर हिन्दुस्तान के गरीब कब जागेंगे, आप भूखे मर रहे है और वो आप के हिस्से के चांवल से सेनेटाईजर बनाकर अमीरों के हाथ साफ करा रहे है। देश जब संकट के दौर से गुजर रहा है तब इस तरह की टीका टिप्पणी करना और कोरोना को लेकर राजनीति करना कतई उचित नहीं है। राहुल गांधी के इस ट्वीट का केन्द्रीय खद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रामविलास पासवान ने जवाब दिया है। उन्होने स्पष्ट किया है कि देश में अनाज का पर्याप्त भंडार मौजूद है। अतिरिक्त चांवल से ही बायो ऐथेनॉल बनाकर उससे सेनेटाईजर बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि सेनेटाईजर ही कोरोना के संक्रमण से बचाव का कारगर उपचार है, सेनेटाईजर का उपयोग अमीर और गरीब सभी लोगों के लिए जरूरी है। बेहतर होगा कि कोरोना के कारण देश में जो हालात बने है उससे निपटने के लिए सभी मिल जुलकर काम करें इस मुद्दे पर राजनीति न करें, राजनीति करने के लिए मुद्दों की कमी नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विपक्ष स्तर हीन राजनीति करना बंद कर के कोरोना के खिलाफ जंग में सरकार का साथ देगा।

कोरोना के कहर का बढ़ता दायरा

-डॉ. श्रीनाथ सहाय

समाज-निर्माण में व्यक्ति नामक इकाई की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। निर्विवाद सत्य है कि एकजुटता की कड़ी से जुड़ी यह इकाई क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। वर्तमान में कोरोना वायरस से निपटने के लिए देशवासी विभिन्न रूपों में एकजुटता का परिचय दे रहे हैं। हर भेदभाव से ऊपर उठकर दृएक सब के लिए, सब एक के लिए दर्शन का अनुसरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य, सफाई व पुलिस कर्मी प्राणपण से अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। भारत की बेहतरीन स्थिति इस बात का प्रमाण है कि हर आम व खास जन प्रशासनिक निर्देशों की अनुपालना कर रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में इसी एकजुटता के बल पर हमारा देश कोरोना वायरस से फैली महामारी के विरुद्ध चल रही जंग में अवश्य ही विजय प्राप्त करेगा।

देश में कोरोना वायरस से संक्रमितों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक कोरोनावायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 20,152 हो गई है। अब भारत अमेरिका, स्पेन, इटली, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन समेत उन 17 देशों में शामिल हो गया, जहां संक्रमण के 20 हजार से ज्यादा केस हैं। देश में बीते मंगलवार रात तक 1537 नए मरीज सामने आए। यह संख्या लगातार चैथे दिन 1 हजार से अधिक है। अच्छी बात यह रही कि कल रिकॉर्ड 702 मरीज ठीक हुए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सभी देशों को आगाह किया है कि अभी कोरोना वायरस का फैलाव थमा नहीं है, बल्कि इससे भी बुरे, भयावह और विनाशकारी दौर का आना अभी शेष है। इसमें दो राय नहीं है कि देश में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण व मृतकों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए लॉकडाउन के निर्णय की सार्थकता पर मोहर लगती है। इस निर्णय में देरी की कीमत विश्व की महाशक्ति अमेरिका व अन्य विकसित यूरोपीय देश चुका रहे हैं। ?

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिसंबर, 2019 में भी ऐसी ही चेतावनी दी थी कि एक नया वायरस फैलने वाला है, जिस पर अभी तक शोध बहुत कम हुए हैं। वायरस अस्पष्ट, अज्ञात और अदृश्य है, लिहाजा उसके बारे में अभी कुछ कहना उचित नहीं है। संगठन ने यह भी संकेत दिया था कि चीन से वायरस की शुरुआत हो सकती है, लेकिन दुनिया के अधिकतर देशों ने उस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया और नतीजे सामने हैं। दुनिया के विकसित और बड़े देश भी कटे पेड़ की भांति टूटते हुए लग रहे हैं। बेशक चीन में जिंदगी फिर सामान्य होकर पटरी पर लौटने लगी है। वहां मेट्रो और दूसरी परिवहन सेवाओं को खोल दिया गया है। बाजारों में रौनक लौट रही है, लेकिन चीन की अर्थव्यवस्था की बहाली में अभी वक्त लगेगा। दुनिया का सबसे ताकतवर और अमीर देश अमरीका पूरी तरह घुटनों पर आ चुका है। वहां कच्चे तेल की कीमतें ऋणात्मक हो चुकी हैं।

अमरीका 44 प्रमुख देशों को तेल की आपूर्ति करता है। दुनिया के करीब 1.75 लाख लोग कोरोना से संक्रमित होने के बाद मर चुके हैं और करीब 26 लाख लोग अब भी संक्रमण के मरीज हैं। अमरीका और यूरोपीय देशों में पूंजीवाद ढह रहा है। उनके आर्थिक हालात अंततः क्या होंगे, अभी कुछ भी आकलन करना मुश्किल है, क्योंकि संक्रमण का प्रसार शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। इन देशों में मौत का आंकड़ा अप्रासंगिक हो चुका है, क्योंकि लाशों की गिनती ही बेहद तेज गति से जारी है। इन हालात में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आगाह किया है। हालांकि संभावित विनाश को पूरी तरह परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संगठन का बयान असहाय लगता है। आखिर यह विनाश कहां जाकर रुकेगा? क्या मौत के आंकड़े दोनों विश्व-युद्धों के रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे?

क्या विनाश से पूर्व कोरोना के वैक्सीन या उसकी दवाओं पर जारी प्रयोग किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंचेंगे? क्या लॉकडाउन और देह की दूरी आदि उपायों से भी विनाश को टाला नहीं जा सकता? कुछ भी हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस चेतावनी ने उन 184 देशों को कंपा दिया होगा, जो कोरोना वायरस से किसी भी स्तर पर संक्रमित हैं। बेशक संभावित विनाश किसी प्रलय या कयामत जैसा न हो, लेकिन कोरोना जब भी बेअसर या धीमा होगा, तब पूरे विश्व की व्यवस्था ही बदली नजर आएगी। ऐसे दौर में वायरस के लिए चीन या अमरीका को दोषी या साजिशकार करार देना नैतिक नहीं होगा, क्योंकि जान-माल के नुकसान हर देश झेल रहा है। विडंबना है कि अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप एक-एक मौत का बदला चीन से लेने की बात कर रहे हैं। कुछ नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों का दावा है कि वायरस इनसान ने बनाया है। चमगादड़ों पर यह बात नहीं छोड़ी जा सकती। बहरहाल वर्चस्व की इस लड़ाई में आखिर इनसानियत ही मारी जाएगी। ऐसा विनाश भी कमतर नहीं आंका जा सकता। भारत फिलहाल अमरीका, यूरोप बनाम चीन की इस लड़ाई में तटस्थ है। उसे विनाश की आशंका कम है, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि भारत ने लॉकडाउन का फैसला समय से पहले ही ले लिया और उसे शिद्दत से लागू भी किया गया।

हालांकि हमारे देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 18,000 के पार जा चुकी है, लेकिन इलाज के बाद ठीक और स्वस्थ होने का औसत करीब 15 फीसदी है। अब मरीजों की संख्या करीब 8 दिन में दुगुनी हो रही है, जबकि लॉकडाउन से पहले यह औसत 3.5 दिन का था। मंत्रालय के मुताबिक, 18 राज्यों में 19 अप्रैल तक मरीजों की डबलिंग कम हुई है और बीते 14 दिनों के अंतराल में 23 राज्यों के 59 जिलों में कोरोना का कोई भी केस सामने नहीं आया है। गोवा और मणिपुर सरीखे राज्य कोरोना-मुक्त ही माने जा सकते हैं। इस तरह विश्व के अन्य पीड़ित देशों की तुलना में भारत की स्थिति फिलहाल बेहतर है। सवाल यह है कि जब दौर विनाश का होगा, तो हम कितना प्रभावित होंगे और उस लिहाज से क्या हम तैयार हो रहे हैं? कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इसको देखते हुए प्रधानमंत्री ने लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाने की घोषणा की है। अगर कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए लॉकडाउन को सफल बनाना है तो सरकार को खासकर श्रमिक वर्ग के लोगों की खाने-पीने, रहने, सफाई तथा दवाई का विशेष प्रबंध करना पड़ेगा। वहीं सख्ती से सोशल डिस्टेंसिंग को बनाए रखना पड़ेगा। देश के प्रत्येक नागरिक को इमानदारी से अपनी सुरक्षा के लिए लॉकडाउन का कड़ाई से पालना करना होगा। देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामले को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा लॉकडाउन की अवधि 3 मई तक बढ़ा दी है। यह पूरे राष्ट्र के लोगों के सब्र व धैर्य की अग्नि परीक्षा है ताकि इस आपदा से सुरक्षित तरीके से बाहर निकल सकें। इस संकट से पार पाने का यही तरीका है। पीएम ने 'जान भी जहान भी' का मंत्र घोषित कर यह संकेत दे दिया है कि लॉकडाउन पार्ट-2 पहले से अलग होगा। प्रश्न यह है कि लगातार बढ़ती संक्रमितों और मृतकों की संख्या, नये-नये संवेदनशील क्षेत्रों का सामने आना, छिपे बैठे जमातियों और कुतर्कपूर्ण व्यवहार कुछ भी तो पूर्णतया नियंत्रण में नहीं है। ऐसी स्थिति में लॉकडाउन में शिथिलता कहीं जल्दबाजी तो नहीं? कोरोना महामारी से बचने के लिए जो अभी तक उपाय किये गये कहीं उस पर पानी न फिर जाये। फिर भी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री अपने निर्णय से देश ही नहीं, अपितु दुनिया को नई राह दिखाएंगे।

इस आपदा काल में प्रधानमंत्री देश को आश्वस्त नहीं कर सके

अनिल जैन

प्रधानमंत्री के इस संबोधन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और सकारात्मक पक्ष यह रहा कि इस बार वे अपनी चिर-परिचित उत्सवधर्मिता से मुक्त नजर नए। अपने पहले के संबोधनों की तरह उन्होंने लॉकडाउन के दौरान आने वाले दिनों में ताली, थाली, घंटा, शंख आदि बजाने या दीया-मोमबत्ती जलाने जैसा कोई उत्सवी टास्क जनता को नहीं दिया गया। हालांकि इससे उनका खाया-अघाया वाचाल समर्थक वर्ग निश्चित ही निराश हुआ होगा, लेकिन कोरोना के संक्रमण से बचाव की दिशा में यह एक बेहद महत्वपूर्ण बात है। क्योंकि पहले 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दौरान ताली-थाली और ढोल-ढमाकों के साथ सडकों पर निकले विजयी जुलूसों और फिर 5 अप्रैल (भाजपा के 40वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर) दीया-मोमबत्ती और मशाल जुलूसों तथा आतिशबाजी के आयोजन ने संक्रमण को बढाने में ही योगदान दिया है।

कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार बार देश से मुखातिब हो चुके हैं। पिछले सप्ताह 14 अप्रैल को राष्ट्र के नाम उनका चैथा औपचारिक संबोधन था, लेकिन उसमें भी कोरोना संक्रमण के खौफ और लॉकडाउन के चलते तमाम तरह की दुश्वारियों का सामना कर रही जनता को आश्वस्त करने जैसी कोई बात नहीं थी। उनका यह संबोधन लॉकडाउन बढाने की घोषणा के निमित्त था। चूंकि पांच-छह राज्य सरकारें अपने-अपने सूबे में पहले ही लॉकडाउन की अवधि 16 दिन यानी 30 अप्रैल तक बढाने का एलान कर चुकी थीं, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उनके एलान से हट कर कुछ नया दिखाने के मकसद से 16 के बजाय 19 दिन के लिए लॉकडाउन बढाने का एलान किया। अवसर के मुताबिक पोशाक धारण करने, मेकअप करने और भाव-भंगिमा बनाने में तो प्रधानमंत्री मोदी बेजोड हैं ही, अपनी नाकामियों को उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत करने और तथ्यों को तोड-मरोडकर गलतबयानी करने के मामले में भी उनके मुकाबले कोई नहीं ठहर सकता। अपनी शख्सियत की इन तमाम खूबियों के साथ देश के समक्ष प्रस्तुत हुए मोदी ने कोरोना संक्रमण से निबटने के मामले में भरपूर गलतबयानी की और अपनी नाकामियों को भी उपलब्धियों की तरह पेश करते हुए खुद की पीठ थपथपाई।

प्रधानमंत्री ने फरमाया कि जब भारत में कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नहीं था, हमने कोरोना प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों की हवाई अड्डो पर स्क्रीनिंग करते हुए संक्रमित पाए गए लोगों का 14 दिन का आइसोलेशन शुरू कर दिया था। उन्होंने दावा किया कि भारत सरकार के समय से उठाए गए कदमों की वजह से ही हमारे यहां अन्य देशों के मुकाबले कोरोना मरीजों की संख्या बहुत कम है। दरअसल प्रधानमंत्री यह दावा करने से पहले अगर इस बारे में अपने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा के दिए गए बयान को देख लेते तो शायद यह गलतबयानी करने से बच जाते। कैबिनेट सचिव करीब दो सप्ताह पहले ही यह स्वीकार कर चुके हैं कि 8 जनवरी से 23 मार्च तक लगभग 15 लाख यात्री भारत आए थे। उन्हें आने दिया गया और बगैर उनकी जांच किए ही उन्हें जाने दिया गया। वे जब अपने-अपने घरों को चले गए तो केंद्र सरकार की नींद खुली और उसने राज्य सरकारों से कहा कि वे अपने यहां विदेशों से आए लोगों का पता लगाए और उन्हें क्वारंटाइन करें।

प्रधानमंत्री के दावे के संदर्भ में सवाल यह भी है कि अगर जनवरी महीने से ही विदेशों से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग शुरू हो गई थी तो फरवरी महीने के आखिरी सप्ताह में भारत आए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके विशाल अमले की भी क्या जांच की गई थी? दरअसल प्रधानमंत्री जितनी गंभीरता ओढकर अब बातें कर रहे हैं, अगर वे वाकई शुरू में ही कोरोना के संकट को लेकर संजीदा होते तो ट्रंप की यात्रा का आयोजन ही स्थगित या रद्द कर देते। कहने की जरूरत नहीं कि संकट की गंभीरता को सिर्फ हमारे प्रधानमंत्री ने ही नजरअंदाज नहीं किया बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति की स्थिति भी अलग नहीं रही। वे जिस समय भारत आए थे, उस समय उनके देश में कोरोना से लोगों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन वे भी अपने यहां संगीन होते हालात को नजरअंदाज कर भारत चले आए, क्योंकि उनकी प्राथमिकता में भी उनकी चुनावी राजनीति सबसे ऊपर थी। हमारे यहां स्थिति गंभीर होती जाने के बावजूद हकीकत तो यह है कि लॉकडाउन करने का फैसला लखनऊ में सिने गायिका कनिका कपूर के संक्रमित पाए जाने पर हडकंप मचने के बाद ही किया गया। उस फैसले पर अमल में एक सप्ताह की देरी भी मध्य प्रदेश में सरकार गिराने-बनाने के खेल के चलते की गई। कनिका कपूर लखनऊ में जिन तीन-चार हाई प्रोफाइल पार्टियों में शामिल हुई थी, उनमें से एक पार्टी के आयोजक पुराने कांग्रेसी नेता अकबर अहमद डम्पी थे। उनकी पार्टी में उनसे पुरानी मित्रता निभाने के लिए राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी अपने सांसद बेटे दुष्यंत सिंह और बहू के साथ शामिल हुई थीं। दुष्यंत अगले दिन यानी 17 मार्च को संसद भवन में कई सांसदों से मिले थे और संसदीय समिति की बैठक में भी शामिल हुए थे।

उसी दिन राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश और राजस्थान के सांसदों को राष्ट्रपति भवन में भोज पर आमंत्रित किया था, जिसमें करीब 90 सांसद शामिल हुए थे। इसी दौरान मध्य प्रदेश में सरकार गिराने-बनाने के खेल के चलते विधायकों को भी बसों में भर कर इस रिसॉर्ट से उस रिसॉर्ट या होटल में ले जाया जा रहा था। सरकार गिरने के बाद उसका जश्न मनाने के लिए भोपाल में भाजपा कार्यालय पर करीब तीन हजार कार्यकर्ता जुटे थे। लेकिन इन सभी आयोजनों पर प्रधानमंत्री चुप्पी साधे रहे। सरकार के कीर्तन में मगन रहने वाले मीडिया में भी इन आयोजनों पर कोई सवाल नहीं उठा। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरने के बाद नए मुख्यमंत्री के चयन में भी तीन दिन खर्च हुए। अंततः 23 मार्च को जब शिवराज सिंह ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली तो अगले दिन प्रधानमंत्री ने टीवी पर आकर तीन सप्ताह के लॉकडाउन का एलान किया।

कविता

दुनिया का मोह मन में

निला अंम्बर लहराती नदियां
प्रकृतिक से भरा ये फुलों की दुनिया ।
ये चीजे मोक्ष के आड़े आ जाता है ।।
जीवन का कडवा सत्य को जब भी पिती हू ।
दुनिया का मोह मन मे आ जाता है ।
हदय तले हर घड़ी घुटता है मन
फिर भी मुझे मुस्कुराना है
क्षमा याचना कर के फिर भी जीवन को स्वर्ग तो बनना है ।
जीवन का कडवा सत्य है
सांस चलते मोक्ष कहा पाना है
मुस्कुराती सबेरा, मोती की जैसे ओस की बूंदे,
चहचहाती हुई पंछी ।
ये देख मोक्ष के आड़े आ आता है ।।
कितने रंग कितने रूप इस जग मे कितने धुप
ये सोच के मन घबरा सा जाता है ।
पर जीत लूं मै इस जग को ये मेरा हदय भरा अभीलाषा है ।
फुल नही मै शाख बनू,
पंछी का मै डाल बनू
मेरे अस्तित्व के छाएं से
प्रेम का मै राग बनूं
मेरी काया मेरी मेरी छाया
मोक्ष के आढ़ मे आ जाता है
जिवन से मै प्रित करूं
पर्वत के जैसे मै ढ़ाल बनू
ये मोह मुझे हर बार सताता है ।।
मेरे जीवन के अदृश्य लकीरें
विचलित मन बिखरे रिश्ते ।
इसे सहेजूं इसे समेटूं
फिर मोक्ष के आड़े आ जाता है ।



लेखक : तबस्सुम परवीन
अम्बीकापुर, छत्तीसगढ़

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

माँ है तो मुमकिन है

माँ है तो मुमकिन है माँ नही .... तो हर कदम पर मुश्किल है । हर तरफ दुखों का बादल है माँ तो खुशियो का आंचल है ।। माँ है तो मुमकिन है माँ नही तो मुश्किल है ।। माँ ये जीवन तो बस तेरा है । इस दुनियां ने मुझको यूं ही घेरा है ।। माँ है तो मुमकिन है माँ नही तो मुश्किल है।

- तबस्सुम परवीन

हिस्सा भारतवर्ष का

हिस्सा भारतवर्ष का ,संत महंत अभिन्न। उनकी हत्या से सदा,मन हो जाता खिन्न। मन हो जाता खिन्न,सुनाते तब वे किस्सा। भर देते उत्साह,शक्ति का दे निज हिस्सा।।1 करते तर्क वितर्क जो ,कहते खुद को दक्ष। वे संस्कृति आघात पर,कभी न रखते पक्ष। कभी न रखते पक्ष ,नहीं दुख कोई हरते। बने धर्म-निरपेक्ष, वार अपनों पर करते।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

खास पाती | हम जताएं मोहब्बत तो थोड़ा सा



हम जताएँ मोहब्बत तो थोड़ा सा तुम शर्माना!! मेरी जाँ... मुझसे मिलने... पर्दानशीं बनकर आना!! चाहते भी हैं...कि पर्दा हो, चाहें पर्दा भी हटाना... ख़ैर किसी और रोज़... तुम नज़रें मुझसे चुराना!! है पहली मुलाक़ात तो... साँसें महकी-महकी हैं!! निगाहें आज जाने क्यूँ... कुछ बहकी-बहकी हैं!! शर्म-ओ-हया तुमपर जँचती तो बहुत है लेकिन... ख़ैर किसी और रोज़ ये गहना पहनकर आना!!

- शिल्पी अग्रवाल

कुछ समय से कहीं कोई एजुकेशनल

कुछ समय से कहीं कोई एजुकेशनल ग्रोथ नहीं है, जो जहां जिस सिचुएशन में है, वहीं ज्ञान दे रहा है, कोई कुछ सीखना नहीं चाहता है , सब सीखाना ही चाहते हैं। ऐसे में उन्नत शिक्षा की कल्पना भी कैसे की जा सकती हैं , जिनके पास ज्ञान नहीं वे अज्ञानता परोस रहे हैं,दे रहे हैं, लेकिन सीखना नहीं चाहते । अधिगम का स्तर शून्य है तो शिक्षा का स्तर कैसे उठेगा , यह सोचने का विषय है और मैं भी ये ज्ञान ही दे रही हूँ। **- श्रीष्टी सिंह**

गिरते-गिरते हमें सम्भलना आ गया

गिरते-गिरते हमें सम्भलना आ गया सम्भलते सम्भलते आगे बढ़ना आ गया राह में छिपे पत्थरों से पाकर , ठोकर जख्मी पांव से अथक चलना आ गया कुछ उन्होंने लिखा कुछ हमने लिखा दिल के कागज पर प्रेम पढ़ना आ गया एक दिन तो बुझना ही है हमें सोचकर दीपक बनकर अंधेरे से लड़ना आ गया हम उत्थान के बीज हैं लोह खनिज हैं उच्च ताप में हमें इस्पात बनना आ गया।

- परमेश्वर वैष्णव

हमने पहली बार लिखा है दिल पर

हमने पहली बार लिखा है दिल पर तेरा नाम लिखा है ।। नाम तेरे औ दिलबर हमने अपने सुबहो-शाम लिखा है प्रेम की पाति पे अंसुवन से बस तुझको पैगाम लिखा है ।। हों छुप-छुप कर तेरी बातें मौसम ने अहसास लिखा है ।। धूप खिली तो मन की ज़मी और नमी ने खास लिखा है।। सब्द ग़ज़ल सन्दल की खुशबू नयन छलकता जाम लिखा है ।। **- सविता वर्मा ग़ज़ल**

बहुतायत लोग जिसे अच्छा समझते

बहुतायत लोग जिसे अच्छा समझते है उसका एक अवगुण या गलत कदम या गलत नीति ही उसके सारी अच्छाइयों पर पर्दा डालने के लिए काफी है और लोगो का ध्यान पर्दे पर ही अधिक टिकता है इसीलिए पारदर्शिता कांच की भांति हो पारदर्शिता ही अच्छे होने की सबसे बड़ी निशानी है। **- संत आर थवाईत**

दूर अपने है पराए खास सारे हो गए

दूर अपने है , पराए खास सारे हो गए फेसबुक,इंस्टा के रिश्ते दिल से प्यारे हो गए धुंधलाती आँख द्वारे पर टिकी है आस में मीडिया सोशल के मारे नैनतारे हो गए ।

- पूजा बंसल

एक बार किसी ने भक्त से कहा

एक बार किसी ने भक्त से कहा तुझे ईश्वर पर बहुत यक़ीन है, तू ऊँचे पहाड़ पर चढ़ कर छलांग लगा दे। देखते है कि तेरा ईश्वर तुझे बचाता है कि नहीं। भक्त ने बहुत सुंदर जवाब दिया : ये ईश्वर का काम है कि मुझे आज़मायें मेरा काम नही की मैं अपने ईश्वर को आज़माऊ।

- अरूणा राव

QUIZ TIME

1) किताब-उल-हिन्द के लेखक कौन है? (अलबरूनी / अबुलफजल)
2) नीति आयोग ने किस तिथि से योजना आयोग का स्थान लिया?
3) सामवेद के पाठकर्त्ता को क्या कहा जाता है?
(क) घोषा (ख) लोपा (ग) उदागातृ (घ) ब्राह्मण
4) भारतीय वायु सेना के 87वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किस वायु सेनाध्यक्ष के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया गया?
5) कोसोवो के नए प्रधानमंत्री का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अलबरूनी (2) 1 जनवरी, 2015 (3) उद्गाता (4) अर्जन सिंह (5) एल्बिन कुर्ती

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1504 - सिखों के दूसरे धर्मगुरु अंगद का जन्म। 1564 - कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म हुआ। 1660 - स्वीडन और पोलैंड के बीच ओलिवा संधि पर सहमति बनी। 1661 - ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स द्वितीय की लंदन में ताजपोशी। 1751 - ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल गिल्बर्ट एलियट मिंटो का जन्म हुआ। 1774 - ब्रिटिश कमांडर कर्नल चैपमेन ने रोहिला सेना को हराया और रोहिलाखंड पर कब्जा किया। 1891 - रूस की राजधानी मॉस्को से यहूदियों को निकाला गया। 1908 - डेनमार्क, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन के बीच उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि पर हस्ताक्षर किये गये । 1935 - यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधान अपनाया।

बाल गंगाधर तिलक ट्रस्ट कर रहा कोरोना वॉरियर्स की मदद, 123 साल से बंद था

पुणे। आज देश कोरोना संकट से जूझ रहा है। एक दौर वह भी आया था जब पूरा विश्व इसी तरह की एक महामारी प्लेग से जूझ रहा था। 1897 में पुणे भी इसकी चपेट में आ गया था। इस बीमारी का आलम यह था कि हर घर में एक शख्स इससे संक्रमित हो रहा था। प्लेग के चलते शहर की लगभग आधी आबादी घट गई थी। उस वक्त कई लाशों को ब्रिटिश अधिकारियों ने कुएं में फेंकवा दिया था क्योंकि उस वक्त अंतिम संस्कार के लिए फंड की कमी हो गई थी। इसके बाद बाल गंगाधर तिलक ने दूसरे क्रांतिकारियों के साथ मिलकर श्मशान फंड कमिटी का गठन किया। इस पैनल ने अंतिम संस्कार के लिए जरूरी सामान इकट्ठा किया।

ट्रस्ट की बची हुई राशि से मदद

इस कमिटी को काफी दान मिला, जिससे यह कमिटी 1910 तक सफलतापूर्वक चलती रही।

इसके बाद कोई काम न होने से ट्रस्ट मात्र रजिस्टर्ड बॉडी बनकर रह गया था। आज 123 साल बाद इस संस्था को कोरोना वायरस से जंग के लिए दोबारा खोला गया। कमिटी में तैनात वर्तमान ट्रस्टी ज्यादातर स्वतंत्रता सेनानियों के ही वंशज हैं उन्होंने ट्रस्ट की 25 लाख रुपये की बची हुई राशि को इस्तेमाल करने का फैसला किया।

श्मशान घाट में काम करने वालों को दान दी 75 पीपीई

नारायण पेट से ट्रस्ट का संचालन कर रहे सदस्यों ने मंगलवार को पीएमसी द्वारा संचालित श्मशान घाट में काम करने वाले कर्मियों को 75 पीपीई किट दान दी। लेखक हरि नारायण आप्टे के पोते 81 साल के ट्रस्टी बाल साणे ने बताया, 'हमें सदियों पुराने इस बचे हुए फंड का इस्तेमाल करना था और हम चाह रहे थे कि श्मशान के लिए ही इसका इस्तेमाल किया जाए। इसलिए कई साल तक इस्तेमाल

क्वॉलिटी प्रुफ हैं सेफ्टी गियर

कमिटी के सदस्यों ने कोरोना के प्रकोप तक सेफ्टी गियर की सप्लाइ का फैसला किया है। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि ये किट क्वॉलिटी प्रूफ हैं और इन्हें धोने के बाद फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

जाबुल प्रांत में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में पांच तालिबानी ढेर

काबुल (वार्ता)। दक्षिण अफगानिस्तान के जाबुल प्रांत में अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों की कार्रवाई में पांच तालिबानी आतंकवादी मारे गए हैं और चार अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इस अभियान में पांच तालिबानी आतंकवादी मारे गए हैं और चार अन्य घायल हुए हैं। इस दौरान सुरक्षा बलों ने दस मोटरसाइकिलें, दो रेडियो स्टेशन और अन्य हथियार बरामद किए हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालिबान और अमेरिका के बीच 29 फरवरी को हुए शांति समझौते के बाद से तालिबान के सुरक्षा बलों पर हमले जारी हैं । इस समझौते से यहां से अगले 14 महीनों में नाटो और अमेरिकी सैनिकों की वापसी का रास्ता खुल गया है तथा अफगानिस्तान सरकार और आतंकवादियों के बीच बातचीत की शुरूआत भी हो सकती है।

जर्मनी में कोरोना के संक्रमितों की संख्या 145,694 हुई

मॉस्को (वार्ता)। जर्मनी में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 2237 नए मामलों के सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 145,694 हो गई है और 281 लोगों की मौत होने के बाद मृतकों का आंकड़ा 4879 हो गया है। रॉबर्ट कोच संस्थान ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली रिपोर्टों में कोरोना संक्रमितों के 143,457 मामले और मृतकों की संख्या4598 बताई गई थी। कोरोना का पता लगने के बाद जर्मनी में अब तक 99000 हजार लोग ठीक हो चुके हैं। अभी तक प्राप्त ताजा आंकडों के अनुसार अधिकतर मामले बावरिया (38,814), उत्तरी राइन वेस्टफालिया (30,185) और बादेन वुरटेमबर्ग (28,898) में देखने को मिले हैं और बर्लिन में 5312 मामले सामने आए हैं।

कोरोना के कारण बर्लिन मैराथन स्थगित

बर्लिन (वार्ता)। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए सरकार के भीड़ इकट्ठा करने पर प्रतिबंध के कारण इस साल 27 सितंबर को होने वाले बर्लिन मैराथन को स्थगित करने का फैसला किया गया है। आयोजकों ने बिना किसी नयी तारीख के इसके स्थगित होने की घोषणा की। अधिकारियों ने बयान जारी कर कहा, ÷हमें पता चला है कि 24 अक्टूबर तक 5000 से ज्यादा भीड़ वाले किसी भी इवेंट को कराने की मनाही है जिसके कारण हम 26-27 सितंबर को होने वाले बर्लिन मैराथन का आयोजन नहीं कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में तमाम खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं।

तीसरा विश्व युद्ध है कोरोना वायरस काल राजनीतिक रोटियां सेंक रही ममता: राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि ममता सरकार ने तबलीगी जमात मामले में कोई कार्रवाई नहीं की

- पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने खुलकर ममता सरकार पर हमला बोला है।
- जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक खास गरीब लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है
- ममता सरकार ऐसे कोरोना के संकट काल में राजनीति कर रही है



कोरोना से नई लड़ाई, ममता का पुराना राग

यह सवाल इसलिए क्योंकि कोरोना वायरस से जंग में पूरा देश एकजुट दिख रहा है। जाति, धर्म, पंथ की सीमाओं से उठकर ज्यादातर लोग सोशल डिस्टेंसिंग और जरूरी नियमों का पालन कर रहे हैं। लेकिन ममता बनर्जी अब भी पुराना राग अलाप रही हैं। ममता ने कहा है कि वह केंद्रीय टीम की इजाजत नहीं दे पाएंगी, क्योंकि यह संविधान के संघीय ढांचे के खिलाफ है। यह कुछ उसी तरह है जैसे ममता अकसर राज्यपाल पर सवाल उठा देती हैं तो कभी केंद्र सरकार को सियासी मुद्दों पर घेर लेती हैं। जबकि यह लड़ाई सियासी न होकर एक घातक वायरस से है। ऐसा वायरस जिसकी अभी तक न तो दवा है न कोई वैक्सीन।

कोलकाता। अब तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ट्वीट से ममता बनर्जी पर हमला करते रहे हैं। लॉकडाउन पर केंद्र से चल रही तनातनी के बीच इस बार राज्यपाल धनखड़ ने ममता से सीधे मोर्चा लिया है। उन्होंने ममता बनर्जी पर आरोप लगाया है कि सरकार ऐसे संकट की घड़ी में राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। यह समय राजनीति का नहीं है लेकिन वह राजनीति कर रही हैं। राज्य में लॉकडाउन का पालन नहीं हो रहा है। धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। उनके बार-बार हाथ जोड़कर अनुरोध करने के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

जगदीप धनखड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता केंद्र सरकार के साथ हैं लेकिन सरकार लॉकडाउन का पालन नहीं करवा रही है। उन्होंने आरोप लगाया, 'मैंने राज्य सरकार को कई बार आगाह किया। यह तीसरा विश्व युद्ध है। उन्हें कहा कि यह राजनीतिक रोटियां सेकने का समय नहीं है। मुझे धक्का लगा है राजनीति लोगों को कहां तक ले जा सकती है।

टकराव की मुद्रा में राज्य सरकार

राज्यपाल ने कहा,'ममता सरकार टकराव की मुद्रा में है। उनसे कोई भी सवाल पूछो तो वह मुझे कुछ नहीं बताती हैं। मैंने उनके मरकज मामले में पूछा कि कितने लोगों को पकड़ा गया। राज्य में कितनी तबलीगी जमात से संबंधित लोग मिले तो उन्होंने मुझसे कहा कि कम्युनल सवाल मत पूछिए। मैं हैरान हूं।'

'पारदर्शी नहीं है कुछ भी'

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में 70 लाख किसान हैं। किसान सम्मान निधि के तहत सत्तर लाख किसानों को आर्थिक मदद मिल जाती लेकिन ममता सरकार ने ऐसा नहीं किया। केंद्र सरकार को जानकारी नहीं दी गई जिससे गरीब किसान मदद से महरूम रह गए। उन्होंने आरोप लगाया है कि यहां पर कुछ भी पारदर्शी नहीं है। एक खास वर्ग के गरीबों को राशन नहीं दिया जा रहा है। उन्हें भूख का सामना करना पड़ रहा है।

कोरोना से 1.76 लाख की मौत, 25.53 लाख संक्रमित

बीजिंग/ जेनेवा/ नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और अब तक विश्व के अधिकतर देशों में इस महामारी से एक लाख 76 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गयी है तथा 25.53 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी किये गये आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना वायरस से कुल 2,553,310 लोग संक्रमित हुए हैं जबकि इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 176,810 हो गयी है। विश्वभर में अब तक 678,980 लोग इसके संक्रमण से पूरी तरह ठीक भी हुए हैं।

भारत में भी कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अब तक 19984 लोग इससे संक्रमित हुए हैं तथा 640 लोगों की मौत हो गयी है। अब तक 3870 लोग इसके संक्रमण से पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं। सीएसएसई की ओर से जारी किए गये आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में कोरोना वायरस से दुनिया में सर्वाधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा वहां सबसे अधिक मौतें भी हुई हैं। विश्व की महाशक्ति माने-जाने वाले अमेरिका में यह महामारी विकराल रूप ले चुकी है। यहां पर अब तक 824147 लोग इससे संक्रमित हुए हैं जबकि 44999 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में इस बीमारी से अब तक 75204 लोग ठीक भी हुए हैं। अमेरिका के बाद सबसे गंभीर रूप से प्रभावित यूरोपीय देश इटली में इस महामारी के कारण अब तक 24648 लोगों की मौत हुई है।

ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतरने बाद रुपया मजबूत

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में रही गिरावट से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 15 पैसे की मजबूती के साथ 76.68 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर 30 पैसे लुढ़क कर 76.83 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाला रुपया बुधवार को तीन पैसे और फिसल कर 76.86 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सुबह के कारोबार में ही एक समय यह 76.88 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़क गया। इससे पहले इसका न्यूनतम स्तर 76.87 रुपये था जो 16 अप्रैल को दर्ज किया गया था। कच्चे तेल में नरमी और दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक के कमजोर पड़ने से रुपये ने वापसी की।

रियल कश्मीर फैन क्लब ने कोरोना के खिलाफ जंग में किया योगदान

आई लगे टीम रियल कश्मीर के रियल कश्मीर फैन क्लब (आरकेएफसी) ने कोरोना वायरस 'कोविड-19' के खिलाफजंग में जुटे श्रीनगर और जममू कश्मीर के कुछ इलाकों के स्वास्थ्यकर्मियों और सफाई कर्मचारियों के लिये 500 व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट्स, 50,000 मास्क, 3000 सैनिटाइजर और 8000 ग्लब्स का योगदान किया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। आरकेएफसी ने जिला प्रशासन और जम्मू-कश्मीर की स्थानीय सेना की सहायता से वितरण अभियान को सीधे अस्पतालों तक पहुंचाया। आरकेएफसी के सह संस्थापक संदीप चट्टू ने कहा, ÷श्रीनगर के उपायुक्त शाहिद इकबाल चौधरी के नेतृत्व में श्रीनगर जिला प्रशासन द्वारा मुख्य सचिव बीवीआर सुब्रह्मण्यम के मार्गदर्शन और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल जी सी मुर्मू के समग्र पर्यवेक्षण के तहत किए जा रहे अथक प्रयासों के तहत हमारी तरफ से यह एक छोटा सा योगदान है।÷

चट्टू ने कहा, ÷मुझे दुनियाभर में कोरोना के व्यापक तरीके से फैलने के कारण इस बात की चिंता है कि महामारी के खिलाफइस जंग में आगे बढ़कर लोहा ले रहे हमारे स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं। अपनी जान जोखिम में डालकर भी निस्वार्थ और लगातार काम कर रहे इन डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को हम सलाम करते हैं। इससे पहले आरकेएफसी ने 150 पीपीई किट और 10,000 सर्जिकल फेस मास्क सेना के बीबी छावनी में 92 बेस अस्पताल में इस्तेमाल करने के लिए दिए थे।

ट्विटर पर सलमान खान के 40 मिलियन फॉलोअर्स

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान के फॉलोअर्स की संख्या माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर 40 मिलियन हो गयी है। सलमान खान की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उनके फैन उन्हें काफी प्यार करते हैं। सलमान अपनी फिल्मों से ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया से भी लोगों का मनोरंजन करते हैं। अब इस फैन फॉलोइंग के बदौलत सलमान खान ने ट्विटर पर 40 मिलियन का मार्क क्रॉस कर लिया है। सलमान खान इस वक्त अपने पनवेल फार्महाउस में हैं। लॉकडाउन की वजह से वह वहां रुके हुए हैं। इस बीच वह कई वीडियोज शेयर करके लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कोरोना पर एक गाना भी रिलीज किया है।

कारोबार

सौदे के साथ ही फेसबुक रिलायंस जियो की सबसे बड़ी शेयरधारक बन गई

रिलायंस जियो में फेसबुक का 43754 करोड़ रुपए निवेश का ऐलान

विश्व की अग्रणी सोशल नेटवर्किंग कंपनी अमेरिका की फेसबुक ने भारतीय धनकुबेर मुकेश अंबानी के रिलायंस जियो प्लेटफार्म में बुधवार को 43754 करोड़ रुपये (6.22 अरब डालर) का बड़ा निवेश कर 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया।

मुंबई (वार्ता)। रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से आज बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई। विश्व की किसी दूरसंचार कंपनी में इतनी बडी रकम के निवेश से इतनी कम हिस्सेदारी खरीदने का यह सबसे बड़ा सौदा है। फेसबुक ने अपनी वेबसाइट पर भी इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो में 9.99 फीसदी हिस्सा 43, 574 करोड़ रुपये में खरीदा है। इस सौदे के साथ ही फेसबुक रिलायंस जियो की सबसे बड़ी शेयरधारक बन गई।

जियो ने निवेश पर कहा, ÷ फेसबुक और जियो का सौदा कई मायनों में अभूतपूर्व है और यह प्रौद्योगिकी कंपनी में इतनी कम हिस्सेदारी के लिये सबसे बड़ा निवेश है। भारत में किसी प्रौद्योगिकी कंपनी में यह अब तक के निवेश की सबसे अधिक राशि है। वैश्विक महामारी कोविड-19 की चुनौती से पार पाने के लिये पिछले एक माह से देश में जारी पूर्णबंदी के बीच देश में निवेश की यह खबर बडी राहत भरी है। फेसबुक के साथ साझेदारी श्री अंबानी ने कहा, ÷2016 में जब हमने जियो की शुरुआत की थी तो हमने एक सपना देखा था। ये सपना था भारत के ÷डिजिटल सर्वोदय÷ का। ये सपना था भारत में एक ऐसी समावेशी डिजिटल क्रांति का जिससे हर भारतीय की ज़िंदगी बेहतर हो सके। सपना, एक ऐसी क्रांति का जो उसे ÷डिजिटल दुनिया÷ के शिखर तक पहुँचा सके। इसलिए भारत के डिजिटल इकोसिस्टम को विकसित करने और बदलने के लिए हम अपने दीर्घकालिक साझेदार के रूप में फेसबुक का स्वागत करते हैं। जियो और फेसबुक के बीच तालमेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा जियो और फेसबुक की साझेदारी श्री मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन का सपना पूरा होने में मदद मिल सकती है,इसके दो लक्ष्य थे पहला भारत के हर नागरिक के लिए सुकून और खुशियों से भरी ज़िंदगी यानि ÷ईज़ ऑफ़ लिविंग.÷ दूसरा, हर भारतीय के लिए व्यवसाय के अच्छे अवसर यानि ÷ईज़ ऑफ़ बिज़नेस.÷ मुझे पूरा विश्वास है कि

कोरोना वायरस के बाद थोड़े ही समय में भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ेगी। ये पार्टनरशिप उस बदलाव को लाने में ख़ासी मदद कर सकती है। फेसबुक ने जियो में निवेश पर कहा, ÷यह भारत के प्रति फेसबुक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जियो भारत के दूरसंचार क्षेत्र में जो बड़ा बदलाव लाई उससे हम भी प्रोत्साहितहुए । चार साल से भी कम समय में जियो ने करीब 38 करोड़ 80 लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाने में सफलता अर्जित की। यह नवाचार और नए उद्यम को बढ़ावा देकर लोगों को नए .नये तरीकों से अपने साथ जोड़ रहा है। इसलिए जियो के माध्यम से हम भारत में पहले से अधिक लोगों के साथ जुड़ने के लिए इस सौदे के माध्यम से और प्रतिबद्ध हुए हैं।÷

डेलीवेज वर्कस की मदद के लिये आगे आयी कंगना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म इम्प्लॉयीज फेडरेशन ऑफ साउथ इंडिया और डेलीवेज वर्कस की मदद की है। कोरोना वायरस (कोविड-19) का कहर भारत समेत दुनियाभर में जारी है। कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण लोगों की रोजी-रोटी पर भी असर पड़ा है। बॉलीवुड के कई सेलेब्रिटीज लोगो की मदद को आगे आ रहे हैं। कंगना रनौत का नाम भी इस लिस्ट में नाम जुड़ गया है। कंगना ने फिल्म इम्प्लॉयीज फेडरेशन ऑफ साउथ इंडिया और फिल्म 'थलाइवी' से जुड़े दिहाड़ी मजदूरों की 10 लाख रुपये देकर आर्थिक मदद की है।

कंगना ने पांच लाख रुपये फिल्म इम्प्लॉयीज फेडरेशन ऑफ साउथ इंडिया के रिलीफ फंड में डोनेट किए हैं। वहीं, पांच लाख रुपये 'थलाइवी' से जुड़े डेली वेज वर्कर्स की मदद को दिए हैं जो कि प्रत्येक व्यक्ति के खाते में भेजे जाएंगे। फिल्म 'थलाइवी' में कंगना तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के रोल में नजर आएंगी। फिल्म का डायरेक्शन विजय कर रहे हैं और यह तमिल, तेलुगू और हिंदी भाषा में रिलीज होगी।

सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनरेगा कार्य प्रारंभ, हजारों मजदूर होगें लाभान्वित

धमतरी / नगरी। कलेक्टर रजत बंसल के कुशल नेतृत्व में रोजगार मूलक एवं कृषि आधारित काम पूरी सावधानी सतर्कता एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए प्रारंभ करने के निर्देश दिए गये है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता गांधी ने 15 अप्रैल 2020 को नगरी विकासखंड के ग्राम बेधवापथरा, सिंगारपुर, धोटगांव गांव में ग्रामीणों की बैठक लेकर कार्य प्रारंभ करने के संबंध में गांव वालों की राय जानी ग्रामीणों के एकमत होकर कार्यप्रारंभ करने का आग्रह किया।

ग्रामीणों के आग्रह पर उसी दिन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नगर विकास खंड के तकनीकी अधिकारी की बैठक लेकर सभी ग्रामों में मनरेगा के कार्य आवश्यक सावधानी के साथ उनके साथ का पालन करते हुए प्रारंभ किया गया।

सभी ग्रामों में मनरेगा कार्य प्रारंभ करने तथा सुरक्षित उपायों की जानकारी देने विभागीय अधिकारी श्री सुनील कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में सरपंच सचिवों की कलस्टरवार बैठक ली गई। दिनांक 16 अप्रैल को नगरी तथा बेलरगाव एवं 17 अप्रैल को कुकरेल बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुनील कुमार शर्मा जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीआर साहू नायाब तहसीलदार श्री की धारा 144 का पालन करते हुए कार्य में उपयोग करने की समझाइश दी।

डेरा में निवासरत लोगों को खाद्य सामग्री वितरित

महासुंद। महामारी कोरोना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भुरकर लगातार जरूरतमन्दों के लिए खाद्य एवं सामग्रियां मुहैया कराने का भी कार्य निरन्तर जारी रखी हैं। 20 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पटेवा एवं सांकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत डेरावासियों को दैनिक उपयोगी राशन एवं सामग्री वितरित की। डेरावासियों के दिनचर्या पर संज्ञान लेते हुए एवं संबंधित थाना प्रभारियों का भी ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया। जहां अधिकांश लोग आंशिक लॉकडाउन खुलने का इंतजार कर रहे हैं। वही पिछले 2 दिवस के कर्फ्यू में राशन के लिए कवायद कर रहे डेरा वालों के लिए सब्जी, राशन सामग्री तथा मास्क एवं उनके बच्चों के लिए बिस्किट पैकेट का वितरण किया गया।

मुड़पार के ग्रामीणों ने भेजी पीएम केयर फण्ड में सहायता राशि

धमतरी। वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने के लिये प्रधानमंत्री द्वारा आव्हान किये जाने पर ग्राम मुड़पार के ग्रामीणों ने अपनी सहृदयता का परिचय देते हुये 7700 रुपये की सहायता राशि पीएम केअर फण्ड में जमा करायी। दानदाताओं में प्रमुख रूप से भाजपा नेता प्रकाश गोलछा श्रीमती गौतम बाई रामाधीन सोनवानी गिरधारी लाल निषाद फूलचंद यादव घनाराम यादव अर्जुन यादव नकुल यादव सुरेंद्र यादव गणेश यादव पिपलेश यादव पंचुराम यादव बिहारी राम यादव यमुनाथ यादव राकेश कुमार यादव सुरेश यादव सुखराम यादव नरेन्द्र यादव मुकुंद यादव हरख यादव देवलाल निषाद हितेश्वर गिरी सालिक यादव जगमोहन यादव चुम्मन यादव गोकुल राम ध्रुव प्रेम यादव शामिल हैं।

दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग पालन करना अनिवार्य : मौर्य

■ **कलेक्टर ने चेम्बर ऑफ कामर्स, व्यापारी संघ, परिवहन संघ की ली बैठक**

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आवश्यक वस्तुओं की दुकाने खुलने पर मिली छूट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश की जानकारी देने के लिए चेम्बर ऑफ कामर्स, व्यापारी संघ, परिवहन संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली। श्री मौर्य ने कहा कि जिन दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है। उन्हें सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना होगा। दुकानों में ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे भीड़ न हो। इसकी जिम्मेदारी स्वयं दुकानदारों की होगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी उपस्थित थे।

श्री मौर्य ने कहा कि जिन दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है। वहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है। दुकानदार और वहां काम करने वाले कर्मचारी मास्क और ग्लब्स जरूर लगाएं। उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्रतिदिन रजिस्टर में अंकित करने के लिए कहा है। ऐसे कर्मचारी या उनके परिवार में किसी को भी सर्दी, खांसी या बुखार हो उन्हें काम पर नहीं आने दिया जाए।

श्री मौर्य ने कहा कि दुकानों में जिन जगहों पर लोग ज्यादा हाथ लगाते हैं, वहां पर रोज सोडियम हाइड्रोक्लोराइड से साफ करें। जिन दुकानों में अधिक भीड़ होती है वहां टोकन सिस्टम चालू करें ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। श्री मौर्य ने कहा कि डीमार्ट, विशाल मेगा मार्ट को बंद रखा जाएगा, लेकिन इन जगहों से होम डिलीवरी की जा सकती है।

आईडीबीआई बैंक ने नगर निगम को दिये 1 हजार मास्क एवं 100 बाटल हैंड सेनेटाईजर

राजनांदगांव। कोरोना वायरस संक्रमण आपदा की घडी में विभिन्न संस्थाओं द्वारा जरूरतमद लोगों को मास्क, सेनेटाईजर, भोजन व राहत सामाग्री वितरण किया जा रहा है। इसी कडी में आज आई.डी.बी.आई. बैक द्वारा नगर निगम को 1 हजार मास्क एवं 100 बाटल हैण्ड सेनेटाईजर दिया जा रहा है। आईडीबीआई बैंक राजनांदगांव के असिस्टेंट जनरल मैनेजर राजेश अग्रवाल ने आज आयुक्त चंद्रकांत कौशिक को बैक की तरफ से 1000 नग मास्क एवं 100 बाटल हैण्ड सेनेटाईजर नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये प्रदान किये।

चित्रकारी प्रतियोगिता में हर्ष प्रथम

महासमुंद। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा लॉकडाउन के दौरान आइसोलेशन हण्ट ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसमें 5 से 10 वर्ष आयु के बच्चों की चित्रकारी प्रतियोगिता रखी गई थी। महासमुंद के भरत गीता राठी के सुपुत्र हर्ष उर्फ डमरू राठी चित्रकारी प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम रहे। हर्ष ने कोरोना वायरस से बचाव को लेकर चित्रकारी की थी। उनका प्रयास था कि लोग सोशल डिस्टेन्स का पालन कर बार-बार साबुन व सेनेटाइजर का उपयोग करें तथा माक्स लगाएं। माहेश्वरी समाज के पूरे प्रदेश में पहला स्थान लाकर हर्ष ने महासमुंद माहेश्वरी समाज का मान बढ़ाया है। पारिवारिक दिनचर्या वीडियो कार्यक्रम में संध्या पति भरत चाण्डक पूरे प्रदेश में पांचवें स्थान पर रहीं। इस 2 मिनट के वीडियो के माध्यम से लॉकडाउन के दौरान पारिवारिक दिनचर्या तालमेल का संदेश देना था।

रबी फसल धान खरीदी शुरू कलेक्टर ने दिये दिशा निर्देश

धमतरी । जिले में रबी फसल के धान की खरीदी से की जाएगी। इसके मद्देनजर कलेक्टर श्री रजत बंसल ने आज सुबह कृषि उपज मंडी श्यामतराई का निरीक्षण कर नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शासन के निर्देश अनुसार शारीरिक दूरी बनाए रखने, निर्धारित दूरी पर कृषि उपज का ढेर बनवाने, मास्क लगाने, सेनेटाईजर, हैंण्डवॉश, साबून इत्यादि का उपयोग करने के निर्देश मौके पर उपस्थित भारसाधक अधिकारी श्री आर.के.कश्यप और मंडी सचिव श्री रामगोपाल सुनहरे को दिए।

अन्नपूर्णा रथ पहुंचा ढाबाडीह

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा ब्लाक में अन्नपूर्णा रथ के पहुँचने पर ग्राम पंचायत ढाबाडीह के जनप्रतिनिधि, स्वसहायता समूह व ग्रामवासियो द्वारा दान देने और स्वरुप राशन सामग्री देने समस्त ग्रामवासी सामने आये है सोमवार को अन्नपूर्णा रथ ग्राम पंचायत ढाबाडीह पहुचा । शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन की पहल पर ग्रामीण अंचल में अन्नपूर्णा रथ का परिचालन किया जा रहा है।इस रथ में ग्रामीणों ने दाल चावल ,सब्जी,स्वसहायता समूह ग्रामपंचायत व ग्राम वासियो द्वारा 4250 रुपये एकत्र कर कोरोना वायरस के चलते बेसहारा लोगो के हितो के लिए नि स्वार्थ भाव से दान दिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती हेमिन ध्रुव, उपसरपंच, समस्त पंचगण, तूलसी गंगा स्वसहायता समूह , इसर गौरा स्वसहायता समूह, अमरज्योति स्वसहायता समूह के सदस्य गण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

अनुपयोगी बंद पड़ी पत्थर खदानों में मछली पालन की अभिनव पहल

■ **मछुआ समितियों की आय में होगी वृद्धि**

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने तथा मछुआ सहकारी समितियों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से मछली पालन विभाग द्वारा राज्य में अनुपयोगी एवं बंद पड़ी पत्थर खदानों में मछली पालन की पहल शुरू की गई है। मछली पालन विभाग ने इसकी कार्ययोजना को अमली रूप देते हुए विधिवत इसकी शुरुआत भी राजनांदगांव

जिले के ग्राम पंचायत मुढ़ीपार के गांव मनगटा से कर दी है। मनगटा गांव में पत्थर की कई खदानें हैं, जो वर्षों से अनुपयोगी एवं बंद पड़ी हैं। इस गांव की तीन खदानों को जिसका कुल रकबा लगभग 3 हेक्टेयर है, पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति बाबू नवागांव को 10 वर्षीय पट्टे पर मछली पालन के लिए दे दिया गया है।

मछली विभाग द्वारा इन खदानों में मत्स्य बीज संचयन एवं मत्स्याखेट के लिए समिति को जाल भी उपलब्ध कराया गया है।

मछली पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निकट भविष्य में डीएमएफ और विभाग के माध्यम से इन खदानों में केज कल्चर की स्थापना की जाएगी, जिससे मत्स्य पालन केज कल्चर से मत्स्य उत्पादन और समितियों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। इन

साहू समाज ने की डेढ़ लाख रुपए की सहायता

महासमुंद। दानवीर भामाशाह जयंती पर छत्तीसगढ़िया साहू समाज महासमुंद नगर समाज ने प्रधानमंत्री केयर फंड में सांसद चुन्नीलाल साहू के माध्यम से राशि सौंपी। इस दौरान अध्यक्ष रवि साहू, पूर्व अध्यक्ष ईश्वर साहू 25 हजार रुपए नगर संगठन से, पिटियाझर साहू समाज के रतीराम साहू, राजेश साहू के माध्यम से 11 हजार रुपए, युवा प्रकोष्ठ के डॉ. देवेंद्र साहू 11 हजार रुपए, सुमधुर महिला समूह जयंती साहू 2100 एवं गणमान्य नागरिक व्यक्तिगत रूप से मोहन साहू 5 हजार रुपए, पवन साहू 5 हजार रुपए, रिखीराम साहू 5 हजार रुपए, जितेंद्र साहू 11 हजार रुपए, कोसरंगी साहू समाज से 10 हजार रुपए, कौड़िया परिक्षेत्र 3 से हीराराम साहू 12500 रुपए, युवा प्रकोष्ठ बसना से शिवकुमार 11 हजार रुपए, बंसुला परिक्षेत्र से इंदल साहू 600 रुपए, आरंगी से राजेंद्र साव 5 हजार रुपए, कर्मचारी संघ पिथौरा से 11317 रुपए, भुरकोनी कौड़िया परिक्षेत्र से 4101 रुपए, जनपद सदस्य रूखमणी साहू 1001 रुपए, केशव साहू छिंदौली से 1001 रुपए, श्रीराम साहू भुरकोनी से 1001 रुपए, बनमाली साव बसना तहसील से 5001 रुपए, रामू साहू सचिव तेंदूकोना ने 1001 रुपए कुल 1 लाख 52 हजार रुपए सहायता राशि प्रदाय की।

संवेदना समूह द्वारा उद्यान के पौधों को पानी

खरोरा। ग्राम खरोरा में जागरूक नवयुवको द्वारा लॉक डाउन का उपयोग गुरु घासी दास उद्यान में रोपित पौधों को पानी डालकर भीषण गर्मी से बचाने का प्रयास कर रहे है।संवेदना समूह के जितेंद्र कुमार चंद्राकर,ओम प्रकाश चंद्राकर,विष्णु राम चन्द्राकर,मेमन चंद्राकर,पंकज चन्द्राकर व मुकेश चंद्राकर गाँव के उद्यान के पौधों को गर्मी से बचाने में लगे हुए है व पेड़ पौधों को सरक्षित करने का सन्देश दे रहे है ,इस कार्य को जागरूक सरपंच श्रीमती सुनिता देवदत्त चंद्राकर व ग्रामवासी सराहना कर रहे है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पीएम केयर फंड में...

की जाएगी, जो खनन या औद्योगिक परियोजनाओं से प्रभावित है तथा कोविड-19 के संक्रमण से प्रभावित है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि खनन परियोजनाओं अथवा औद्योगिक इकाईयों की स्थापना से इकाईयों के निकटवर्ती क्षेत्रों में रहने वालों को भूविस्थापन, प्रदूषण एवं अन्य कारणों से होने वाली कठिनाईयों को देखते हुए सीएसआर फंड की स्थापना की गई है। आप अवगत ही होंगे कि सीएसआर मद से खनन परियोजनाओं और उद्योगों के आसपास के क्षेत्रों में प्रतिवर्ष मूलभूत सुविधाओं के विकास एवं संचालन का कार्य किया जाता है। सीएसआर मद का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य औद्योगिक इकाईयों की स्थापना से प्रभावित व्यक्तियों को राहत देना है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि खनन परियोजनाओं अथवा औद्योगिक इकाईयों की स्थापना से इकाईयों के निकटवर्ती क्षेत्रों में रहने वालों को भूविस्थापन, प्रदूषण एवं अन्य कारणों से होने वाली कठिनाईयों को देखते हुए सीएसआर फंड की स्थापना की गई है। आप अवगत ही होंगे कि सीएसआर मद से खनन परियोजनाओं और उद्योगों के आसपास के क्षेत्रों में प्रतिवर्ष मूलभूत सुविधाओं के विकास एवं संचालन का कार्य किया जाता है। सीएसआर मद का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य औद्योगिक इकाईयों की स्थापना से प्रभावित व्यक्तियों को राहत देना है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि कोविड-19 वायरस के संक्रमण की स्थिति में केन्द्र सरकार द्वारा सभी खनन परियोजनाओं और औद्योगिक इकाईयों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे सीएसआर मद की राशि सीधे प्रधानमंत्री केयर फंड में जमा करें। इकाईयों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन भी आरंभ हो गया है। केन्द्र सरकार के इस निर्णय से खनन परियोजनाओं और औद्योगिक इकाईयों की स्थापना से प्रभावित व्यक्तियों में असंतोष व्याप्त है। केन्द्र सरकार के इस निर्णय से खनन इकाईयों के आसपास के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्र में अनुरोध किया है कि राज्य की इकाईयों द्वारा सीएसआर मद की जो राशि प्रधानमंत्री केयर फंड में जमा की गई है, उसे शीघ्र राज्य सरकार को अंतरित करने के निर्देश देने का कष्ट करें। यदि इस राशि का व्यय कोविड-19 के संक्रमण को रोकने अथवा उससे निपटने हेतु ही व्यय किया जाना है तो राज्य शासन यह सुनिश्चित करेगा कि सीएसआर मद की राशि उन्हीं जिलों में व्यय की जाएगी, जो खनन अथवा औद्योगिक परियोजनाओं से प्रभावित है तथा कोविड-19 के संक्रमण से प्रभावित है।

फ्लैगशिप योजनाओं की...

बघेल ने इन सभी योजनाओं की मॉनीटरिंग के लिए वेबसाईट बनाने की जिम्मेदारी चिप्स को दी है। सभी विभागीय सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विभागों तथा संबंधित संचालनालयों से इसके लिए एक नोडल अधिकारी नामांकित करके तत्काल चिप्स को सूचित करें। नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि वे चिप्स को पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं तथा चिप्स के साथ सहयोग करके 10 दिन के भीतर वेबसाईट तैयार करने में सहायता करें। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग डॉ. आलोक शुक्ला को वर्तमान कर्तव्यों के साथ इस कार्य में चिप्स की सहायता करने का कार्य भी सौंपा गया है। सभी विभागों एवं चिप्स को इस संबंध में 3 दिन में एक कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने 10 दिनों में पोर्टल बनाने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव को इस संबंध में तत्काल आदेश जारी करने को कहा है।

केंद्र से अनुमति का...

साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई चर्चा में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी कोटा में अध्ययनरत प्रदेश के छात्रों के मद्दे पर बात की थी। इस दौरान बिरला की ओर से डॉ. महंत को आश्वस्त किया गया था कि कोटा उनका लोकसभा क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ के छात्रों की जिम्मेदारी उनकी है।

मंत्री की शिकायत पर...

सिविल लाइन थाने के टीआई सुशांत बॅनर्जी ने नवप्रदेश से बातचीत में अरनब के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

सीएम बघेल का तंज- इसे पत्रकारिता कह सकते हैं?

वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ट्वीट कर कहा- रिपब्लिक व आर भारत टीवी के संपादक अरनब गोस्वामी के इस अनर्गल बकवास को पत्रकारिता कह सकते हैं? यह तो सांप्रदायिक हिंसा भड़काने का कुत्सित प्रयास है। न भाषा की मर्यादा न किसी की मान मर्यादा का ध्यान, यह तो अपराध है। संज्ञेय व दंडनीय अपराध है।

डॉक्टरों पर हमला...

3 महीने से 5 साल की सजा भी हो सकती है। जबकि गंभीर चोट के मामले में अधिकतम 7 साल की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थयकर्मियों पर हमला गैरजमानती होगा।

विश्व के नेताओं की...

अमेरिका पर पड़े असर को लेकर एक रिसर्च किया है। इस तुलनात्मक रिसर्च में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ दुनिया के अन्य 9 बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्षों की तुलना की गई है। इस रिसर्च में यह पता लगाने का प्रयास किया गया है कि कोरोना वायरस से निपटने में कौन सा देश और उसके नेता का कैसा काम रहा है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 98
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रेखाबाई पिता स्व. शिवशंकर सतनामी जाति सतनामी साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता स्व. शिवशंकर सतनामी पिता स्व. छब्बूलाल साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 188/ भूमि खसरा नं./ रकबा वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 100
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सातो बाई पति स्व. रजऊराम कोसरिया जाति सतनामी साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता स्व. रजऊराम कोसरिया पिता स्व. धनऊराम साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 175/ भूमि खसरा नं./ रकबा वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 99
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धरमदास चंदानी पिता श्री माधवदास चंदानी जाति सिंधी साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता श्री अखिल द्वारकानी पिता श्री प्रहलाद दास द्वारकानी साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. ,, / भूमि खसरा नं.15001/1 रकबा 1500 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 106
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खेलावन जलक्षत्री पिता श्री बसंत जलक्षत्री जाति ढीमर साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता श्री बिसाहू जलक्षत्री पिता श्री सुखरूराम जलक्षत्री साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 99 / भूमि खसरा नं. 2670 रकबा 323.75 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 107
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोरेलाल तम्बोली, श्री कैलाश तम्बोली पिता स्व. माखनलाल तम्बोली जाति बरई साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता स्व. माखनलाल तम्बोली पिता स्व. रामभरोसा साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 101/ भूमि खसरा नं./ रकबा वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 108
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लक्ष्मीनारायण लोधी पिता स्व. लखन लाल लोधी जाति लोधी साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता स्व. लखनलाल लोधी पिता स्व. बल्दू लोधी साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 26/ भूमि खसरा नं./ रकबा वर्गफुट/ हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 110
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती गायत्री साहू पति श्री राजू कुमार साहू जाति तेली साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता श्री अखिल द्वारकानी पिता श्री प्रहलाद द्वारकानी साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. / भूमि खसरा नं. 3447 से अन्य 4406/2 रकबा 1111 वर्गफुट/ हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद
आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 109
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सत्यदेव लोधी पिता स्व. महेश लोधी जाति लोधी साकिन आरंग द्वारा भवन को विक्रेता स्व. लखन लाल पिता स्व. बल्दू लोधी साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 26/ भूमि खसरा नं. रकबा ,, वर्गफुट/ हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

चोरी की रेत से कर रहा जल संसाधन विभाग सीकासार जलाशय में करोड़ों का निर्माण कार्य

■ न्यूज गैलरी

कोरोना से बचाव के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं ने छेड़ी मुहीम

बलरामपुर। कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रभाव तथा प्रसार ने जहां वैश्विक चिंताओं को बढ़ाया है वहीं लॉकडाउन के दौरान समाज के हर वर्ग ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अपने स्तर पर सहयोग दिया है। कोई घर के अंदर रहकर तो कोई घर से बाहर आकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं । कुछ ऐसा ही काम राष्ट्रीय सेवा योजना के बलरामपुर इकाई के युवाओं ने किया है । ये युवा स्वस्फूर्तः कोरोना से बचाव की इस मुहिम में जुड़ गए है। एक ओर जहां गांव-गांव जाकर युवा वाल पेंटिंग के माध्यम से कोरोना से बचाव का संदेश देते हैं, तो वहीं स्वयं के द्वारा घर पर कपड़े का मास्क तैयार कर जरूरतमंदो को उपलब्ध करा रहे हैं। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राचार्य तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक प्रो. एन.के. देवांगन ने बताया कि जिले के 9 महाविद्यालयों तथा 10 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यरत है। उन्होंने बताया कि युवा पेंट-ब्रश के साथ निकल पड़ते हैं तथा गांव-गांव घूमकर दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को कोरोना से बचाव का संदेश दे रहें हैं। इसके साथ ही अपने घरों पर मास्क निर्माण का कार्य भी कर रहे है, जिन्हें जरूरतमंदो तक पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर ग्रामीणों को भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु जागरूक कर रहें।

खैरागढ़-देवरी की दुर्गा बाई को मिला उज्जवला और जनधन का लाभ

राजनांदगांव। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत तीन माह के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की राशि पहुंची हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंचने लगी है। इस योजना के तहत हितग्राही एक माह में एक सिलेंडर प्राप्त कर सकेगा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला राजनांदगांव, विकासखण्ड खैरागढ़ के ग्राम देवरी में रहने वाली प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और जनधन योजना की हितग्राही श्रीमती दुर्गा बाई ने कहा कि गरीब आदमी को निःशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर और जनधन योजना में पांच सौ रूपये उपलब्ध कराना केन्द्र सरकार का अच्छा कदम है । श्रीमती दुर्गा बाई ने कहा कि गरीब वर्ग जो रोज कमाता है, रोज खाता है, उसके लिए एक बहुत बड़ी मदद है । इसके अलावा श्रीमती ममता बघेल को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अनाज तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत रुपये 500/- बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

महुआडीह के किसान मुस्तफा रज़ा ने किसान सम्मान निधि के लिए शुक्रिया कहा

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के जिला-बलरामपुर, ग्राम महुवाडीह निवासी किसान मुस्तफा रज़ा को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत रुपये 2000/- बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त हुए हैं । उन्होंने बताया कि इस कोरोना वायरस महामारी की वजह से देशव्यापी लॉकडाउन से उत्पन्न कठिन समय में, गांव के खेतिहर मजदूर, किसान एवं जरूरतमंदो के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लाभप्रद साबित हुई है। मुस्तफा रज़ा ने कहा कि इस सम्मान निधि के माध्यम से किसान अपनी व्यक्तिगत् आवश्यकताओं खेती से संबंधित जरूरी सामग्रियां जैसे खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक संसाधन की खरीद सकते है। रज़ा ने कहा कि किसानों को दी जा रही यह सहायता राशि बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने इस सहयोग राशि के लिए भारत सरकार को शुक्रिया कहा है। साथ ही उन्होंने इसे गरीब किसान के लिए एक अच्छी पहल और सकारात्मक योजना बताया है।

ग्राम दामोदा के किसान भुवन साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को किसानों के लिए अच्छी पहल

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के जिला-दुर्ग, ग्राम पंचायत- दामोदा के रहने वाले किसान भुवन साहू को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत रुपये 2000/- बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस कोरोना वायरस महामारी की वजह से देशव्यापी लॉकडाउन से उत्पन्न कठिन समय में, गांव के खेतिहर मजदूर, किसान एवं जरूरतमंदो के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लाभप्रद साबित हुई है। उन्होंने ने कहा कि इस सम्मान निधि के माध्यम से किसान अपनी व्यक्तिगत् आवश्यकताओं खेती से संबंधित जरूरी सामग्रियां जैसे खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक संसाधन की खरीद सकते है। भुवन साहू ने कहा कि किसानों को दी जा रही यह सहायता राशि बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने इस सहयोग राशि के लिए केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही उन्होंने इसे गरीब किसान के लिए एक अच्छी पहल और सकारात्मक योजना बताया है।

राजपुर गांव की श्रीमती कीर्ति सिन्हा ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

धमतरी। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत तीन माह के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की राशि पहुंची हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंचने लगी है। इस योजना के तहत हितग्राही एक माह में एक सिलेंडर प्राप्त कर सकेगा। छत्तीसगढ़ के जिला धमतरी, विकासखण्ड मगरलोड, ग्राम- राजपुर की रहने वाली प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही श्रीमती कीर्ति सिन्हा ने कहा कि गरीब आदमी को निःशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना, केन्द्र सरकार का अच्छा कदम है।

■ **धवलपुर का स्थानीय रेत चोर दे रहा हैं रेत चोरी को अंजाम**

मैनपुर। गरियाबंद जिला मुख्यालय व विकास खंड से महज 35 की दूरी पर धवलपुर में बहने वाली झापन नदी से धवलपुर का स्थानीय रेत चोर की इन दिनों लाटरी लग गई है यहां रसूक दार रेत चोर का वन विभाग व माइनिग विभाग में अच्छा खाँसा दवदबा है यहां रेत चोर के पास खुद के जे सी बी मसीन व हाइवा वाहन रखा हुआ है यहां रेत चोर को हमेशा वन विभाग धवलपुर के ऑफिस में देखा जाता है क्यूंकि इस रेत चोर को वन विभाग के क्षेत्र से भी अपने वाहन की निकासी करवाना होता है यहा रेत चोर इन दिनों अधिकारियों से सांठगांठ कर अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन को पूरी तरह से चुना लगाने में लगा हुआ है और प्रशासन इस पर रोक लगाने में असमर्थ नजर आ रहा है। अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर राजस्व विभाग, खनिज विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी भी चुप्पी साधे बैठे है। जिस कारण रेत चोर झापन नदी और इसके सहायक छोटे-बड़े नालों को अवैध उत्खनन कर खोखला करने का काम बदस्तूर कर रहा है।

इतना ही नही धवलपुर का स्थानीय रेत चोर का इतना दुससाहस है कि शासन की बिना अनुमति के रेत तो चोरी कर ही रहा है सांथ ही लॉकडाउन के सन्नाटे में भी यहां रेत चोर झापन नदी से रात के अंधेरे में भी चोरी छिपे रेत निकाल रहा है। वंही शासन के आदेश अनुसार कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लोग घरों में कैद है। गांवों में भी इसका पालन हो रहा और दिन-रात सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी का फायदा धवलपुर का यहां रेत चोर उठा रहा हैं। लोगों की आवाजाही नहीं होने के कारण इसकी जानकारी नहीं लग पा रही है।बता दें कि यहां रेत चोरी सरकारी निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार ही इसको बढ़ावा दे रहे है। सूत्रों की माने तो क्षेत्र में सरकारी निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार ने कोई खदान लीज पर नहीं ली है। मगर, इसके बावजूद रेत लाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह रेत बिना रायल्टी के खरीदी जा रही है। जिससे ठेकेदार को तो फायदा मिल रहा है

कार्य चल रहा है

ग्रामीण किसानों के मुताबिक झापन नदी की चोरी की रेत का ठेकेदार उपयोग कर रहा है। जानकारों के मुताविक उक्त निर्माण कार्य सहित अन्य सरकारी विभागों के निर्माण कार्य में ठेकेदार चोरी की ही रेत खरीदकर उपयोग कर करते है। रेत का अवैध खनन झापन नदी तथा इसके सहायक नालों से किया जा रहा है। जिसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को भी है, पंरतु धवलपुर के दवंग रेत चोर के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं कम पैसे में चोरी की रेत उपलब्ध हो जाने की स्थिति में ठेकेदार भी बिना रायल्टी के ही रेत खरीदने में अधिक रुचि दिखा रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी कार्यों के लिए ठेकेदारों द्वारा रेत खरीदने के बजाय रेत चोरी कराया जा रहा है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस सम्बंध में राजेंद्र सोरी वन परिक्षेत्र अधिकारी धवलपुर (सामान्य)से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि जिस स्थान से रेत निकासी हो रही हैं वहां राजस्व अंतर्गत का क्षेत्र है और जिस जमीन से वाहन आते जाते है वहां भी वन क्षेत्र नही है और कुछ दिन पूर्व हमारे विभाग द्वारा कार्यवाही भी की गई हैं और 40 हजार का जुर्माना भी किया गया है तब से रेत चोरों की वन क्षेत्र में घुसने की हिम्मत नही होती है।

इस संबंध में जे.आर. चौरसिया अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि झापन नदी से रेत निकासी हेतु कोई अनुमति नही दी गई है मैं सरपंच को बोलकर अभी बन्द करवाता हूँ।

गांवो में चल रहे मनरेगा के कार्यों का जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया औचक निरीक्षण

अर्जुनी । कोरोना वायरस संक्रमण के चलते लंबे समय से देश मे लॉक डाउन के बीच राज्य सरकार द्वारा ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए मनरेगा का कार्य जारी किया गया है जिसके चलते लोगो को इस संकटकाल मे रोजगार उपलब्ध हो सके और उन्हें आर्थिक रूप से ज्यादा परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसके लिये महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्य योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत भाटापारा के अंतर्गत मनरेगा कार्य के ग्राम पंचायत में जारी टोनाटार, नवागांव,राजाढ़ार आलेसूर का भाटापारा जनपद अध्यक्ष संगीता साहू प्रतिनिधि केतु मान साहू, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यदु, जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू, जनपद सदस्य इतवारी जांगड़े द्वारा औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत टोनाटार में कार्यस्थल में कार्यरत मजदूरो के द्वारा सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करते देख नाराजगी जताई व रोजगार सहायक, सरपंच को आवश्यक दिशा निर्देश देकर नियमों का कड़ाई से पालन करने की सख्त हिदायत दिया गया साथ ही कहा गया कि शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करें सामाजिक दूरी के तहत प्रत्येक मजदूरों को एक एक मीटर की दूरी बनाए रखना है जिससे इस समय राष्ट्रीय आपदा घोषित कोरोना वायरस के संक्रमण से बचा जा सकता है।

मुख्यमंत्री का कदम सराहनीय, जंगलों पर है जो निर्भर शासन बना रहे आत्मनिर्भर

बालोद। जिला महिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्याझ विद्या शर्मा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार नए नए आयाम हर क्षेत्र में लाकर छत्तीसगढ़ की आम जनमानस के सोच के अनुरूप नए-नए कारगहर कदम उठाकर किसान गरीब मजदूर तथा ग्रामीण अंचलों में वनों पर आश्रित रहने वाले परिवार का समुचित ध्यान रखकर तेंदूपत्ता सग्राहकों के प्रति जागरूक है। विद्या शर्मा नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वन मंत्री मोहम्मद अकबर का आभार व्यक्त किया है छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग द्वारा रोजगार और आय बढ़ाने के अनेक कदम जिसमें तेंदूपत्ता मानक बोरा की दर में वृद्धि 23 वनों पजो की समर्थन मूल्य पर खरीदी महुआ फूल के दर 17 से 30 किलो दर वृद्धि वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से गोठान निर्माण 8 हजार परिवार लाभान्वित वन समिति एवं महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से 50 लाख मास्क का निर्माण वनो की अग्नि सुरक्षा में6700 लोगो को रोजगार देना पेयजल व्यवस्था वन क्षेत्रों में सुदृढ़ करना शामिल है। विद्या शर्मा नगर पंचायत उपाध्यक्ष डौंडीलोहारा ने विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदेश की कांग्रेस सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वन मंत्री मोहम्मद अकबर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने क्षेत्रों में रहने वाले परिवार जो मुख्य रूप से वनों से प्राप्त होने वाले नैसर्गिक संपदा पर आश्रित हैं उनके लिए सराहनीय कदम उठाया है।

शिक्षक सुशील साहू ने 25 हजार मुख्यमंत्री राहत कोष मे कराया जमा

गंडई पंडरिया। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर हर तरफत्राहिमाम मचा हुआ है। इस विपदा की घड़ी में कुछ सामाजिक संस्थाएं अपने स्तर पर गरीबों के लिए रहनुमा बन कर सामने आ रहे हैं। विकास खण्ड छुईखदान के पुर्व माध्यमिक शाला जोम मे पदस्थ एवं ग्राम हनईबन निवासी शिक्षक एल बी श्री सुशील साहू के द्वारा अपने परिजन की स्मृति मे कोरोना महामारी की लडाई मे मुख्यमंत्री राहत कोष मे 25 हजार रुपये जमा कराया गया है ।

गुटखा, तम्बाखू और गुड़ाखू क्रय-विक्रय पर लगा प्रतिबंध

डोंगरगढ़ । पुरे छत्तीसगढ़ में देखा जाय तो गुटखा, बीड़ी सहित गुड़ाखू का प्रचलन बहुतायात में देखा जा सकता है । ग्रामीण क्षेत्रों में तो बीड़ी गुड़ाखू को तो लोग आपसी भाईचारा के रूप में एक दूसरे को फ्री में ही देने का प्रचलन है, यहां तक गांव दिहात में तो एक जगह बैठे लोग बकायदा बीड़ी जलाकर आदर से एक दूसरे को देने का रिवाज के रूप में देखने को मिलता था वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब नदी या बोरिंग में एक दूसरे को एक डब्बा गुड़ाखू को एक दूसरे को निशुल्क फ्री में देकर पुरुष हो महिला अपना व्यवहार बनाये रखते थे । और बात रही गुटखा का तो जर्दा युक्त गुटखा के गिरफ्त में गांव ग्रामीण से लेकर शहरों में युवा वर्ग से लेकर कई कामकाजी महिलाओं में भी काफी मात्रा में उपयोग किया जाता है, युवा वर्ग एक गुटखा पाउच को दो-चार लोगो के साथ शेयर करके खाते है । लेकिन कोरोना कहर के चपेट में इन दिनों लॉक डाउन के चलते इन दिनों गुटखा गुड़ाखू की कीमत आसमान छू रही है 5 रु. का गुड़ाखू 15 में वहीं 5 रु. का पाउच 10 से 12 रु. का भाव मिल रहा है ।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर पहुचा रही रेडी टू ईट पोषण आहार व सुखा राशन

गरियाबंद। लाकडाउन अवधि में भी प्रशासन द्वारा तीन से छ वर्ष तक बच्चो को पोषण आहार घर पहुचाया कर दिया जा रहा है, ताकि बच्चो को गरम भोजन मिल सके और लाकडाउन के दौरान भी बच्चो के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर पर विपरित प्रभाव ना पड़े। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुबह से ही हितग्राहियो के घर पहुच रही और रेडी टू ईट पोषन आहार व सुखा राशन दे रहे है। जानकारी के मुताबिक जिले के सभी 1460 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 28 हजार 675 पंजीकृत हितग्राहियों तक रेडी टू ईट पोषण आहार व गरम भोजन हेतु सूखा राशन घर घर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही हितग्राहियों को कोरोना वायरस से बचने सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने, चेहरे को मास्क से ढ़कना, स्वच्छता एवं हाथों को साबुन से बार बार धोने के लिए भी प्रेरित कर रहे है। कलेक्टर श्याम धावड़े ने बताया कि सीएम के निर्देश पर 03 से 06 वर्ष के 28 हजार 675 बच्चों को 750 ग्राम रेडी टू ईट पोषण आहार का पैकेट एवं मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष के चिन्हाकित गंभीर कुपोषित 731 बच्चों को सूखा राशन (चांवल, मिक्स दाल, सोयाबीन बड़ी, चना, झुरगा, मटर, आलू, प्याज, पापड़, आचार एवं गुड़) इत्यादि का पैकेट बनाकर दिया जा रहा है।

महिला को करैत सांप ने काटा, 108 की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया

कवर्धा। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र कुकदूर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम सारपानी, ग्राम पंचायत छिंदीडीह में बैगा आदिवासी महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। 108 संजीवनी एक्सप्रेस की मदद से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय महिला सुशीला बाई, पति जारू सिंह घर का काम करते हुए ईंट को हटाने में लगी हुई थी। इसी दौरान ईंट में छिपे करैत सांप ने सुशीला बाई के हाथ को काट लिया। परिजनों ने इसकी सूचना संजीवनी 108 को दी। सूचना मिलते ही संजीवनी स्टाफ विजय चंद्रवंशी और विनोद गांव पहुंचे। एम्बुलेंस जब सीन पर पहुँची तो महिला बेहोश थी।

महुआ शराब, वाहन सहित आरोपी गिरफ्तार

स.लोहारा। पुलिस अधीक्षक के.एल.ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मण्डावी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मुकेश यादव के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लोहारा पुलिस की कार्यवाही मुखबीर की सुचना पर मंगलवार को घटना स्थल बिजली आफीस के आगे बानो रोड स.लोहारा मे रेड कार्यवाही कर आरोपी हेमन्त कुमार मेरावी पिता केशर मेरावी उम्र 27 साल साकिन परसाही थाना रेगाखार जिला कबीरधाम के द्वारा अपने आप को पुलिस मित्र होना बताकर अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिक्री करने के आशय से ले जाते रंगे हाथो पकडा गया जिसके कब्जे से गवाहो के समक्ष एक सफेद रंग का प्लास्टिक जरिकेन 07 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1400 रूपये एवं शराब को परिवहन करने के उपयोग मे लायी गयी मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 09 जेसी 5940 को समक्ष गवाहन मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त किया गया।

जिला पंचायत में पहली बार वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए समीक्षा

गरियाबंद। मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ विनय लंगहे ने वीसी के माध्यम से सभी जनपदो में चल रहे कार्यो की जानकारी ली। इसमें जनपद पंचायत फिंगेश्वर, मैनपुर, छुरा और गरियाबंद जनपद के सीईओ एवं संबंधित अधिकारी जुड़े थे। वीसी में जिप सीईओ ने विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासो की जानकारी दी। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में ध्यान दे कि कोई भी व्यक्ति भुखा ना रहे, अनाज बैंकों माध्यम से ऐसे व्यक्तियों को आनाज उपलब्ध कराया जाए।

रिपब्लिक भारत टीवी के प्रमुख एंकर अर्नब गोस्वामी के खिलाफ आरंग थाना में हुई शिकायत

आरंग। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर और आरंग विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग के द्वारा रिपब्लिक भारत टीवी के प्रमुख एंकर अर्नब गोस्वामी के खिलाफ आरंग थाना में शिकायत दर्ज करने लिखित आवेदन किया गया है। अर्नब गोस्वामी ने राहुल गांधी की पत्रकार वार्ता को गलत ढंग से प्रस्तुत किया है। अर्नब गोस्वामी ने करोना महामारी के दौरान देश के लोगों को गुमराह किया है फलस्वरूप उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 बी 188 290 500 504 और 505 के साथ-साथ डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत मामला दर्ज करने शिकायत की गयी है।साथ ही कांग्रेस पदाधिकारियों के द्वारा अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी मांग की है। 16 अप्रैल को राहुल गांधी ने कोरोना बीमारी पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देने के लिए एक वीडियो वार्ता आयोजित की थी.इस पत्रकार वार्ता की पूरी रिकॉर्डिंग यूट्यूब पर उपलब्ध है. उन्होंने इस पत्रकार वार्ता में कहा था कि टेस्टिंग को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइन का अनुसरण किया जाना चाहिए और सरकार को टेस्टिंग बढ़ाना चाहिए ताकि कोरोना के फैलाव का सही आकलन कर उसे रोका जा सके. उन्होंने यह भी कहा था कि टेस्टिंग बढ़ाए बिना किसी के लिए भी यह संभव नहीं होगा कि फैलाव किस तरह से हो रहा है कहां हो रहा है और लॉक डाउन हटने के बाद यह महामारी फिर से फैलना शुरु कर देगी. उन्होंने दक्षिण कोरिया और जर्मनी जैसे देशों के मुकाबले भारत में टेस्टिंग सुविधा और टेस्टिंग करने वाले लोग बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया था.

बंजर जमीन को उपयोगी बनाकर महिलाओं ने शुरू की खेती-बाड़ी

कवर्धा। कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत राजानवागांव सुराजी गांव की परिकल्पना को साकार करते हुए आगे बढ़ रहा है। कोरोना वायरस के रोकथाम और उनके नियंत्रण के लिए जारी लॉकडाउन की इस विकट परिस्थिति में महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ शासन की सुराजी गांव योजना की बाड़ी विकास ने जीवन को नई राह दिखाई है। महिला समूह की इस बाड़ी से अब हरी सब्जी का उत्पादन शुरू हो गया है। लॉकडाउन के दौरान महिला समूह ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए जैविक खेती कर रही है। इस खेती से उन्हे पहले रोजगार मिला अब आमदानी का हरी सब्जियों के उत्पादन होने से लाभ मिलना भी शुरू हो गया है।

जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने वाली सुराजी गांव योजना से राजानांवगांव के आसपास के पांच अलग-अलग समूह को जोड़ा गया। इन सभी समूह को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हे मल्टीयुटीलिटी सेन्टर से प्रशिक्षण भी दिए गए। प्रशिक्षण मिलने के बाद समूह की महिलाओं को उनके जीवन स्तर को नई दिशा और रोजगार देने के लिए अनुउपयोगी खाली जमीन को उन्हे दिया गया। पांच अलग-अलग महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने जिला प्रशासन की मदद से अपनी दिन-रात की कड़ी मेहनत कर पांच एकड़ खाली बंजर जमीन को खेती जमीन के लिए तैयार किया। इस खेती भूमि में अब सभी महिलाओं ने पांच अलग-अलग प्रकार की सब्जियों का रोपड़ भी किया। कबीरधाम जिले की इस अभिनव पहल से पांच महिला स्वसहायता समूहों की सौकड़ों महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है।

समूह की महिलाओं की मिली नई राह

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम विजय दयाराम के. ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के साथ आत्मनिर्भर बनानें कि दिशा में मल्टीयुटीलिटी सेन्टर राजानवागांव कारगर सिद्ध हो रहा है। राज्य सरकार कि मंशा अनुरूप सेन्टर का विकास कर क्षेत्र के ग्रामीणों को इसके साथ जोड़ा जा रहा है। .षि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग मिलकर कार्य कर रहे है। समूह की बाड़ी से सब्जियों का उत्पादन शुरू होने से महिलाओ में आत्मविश्वास बढ़ा है। महिला समूह को जीवन जीने की नई राह मिल रही है।

न्यूज गैलरी

नकली नोट जमा कराने गया था बैंक, पुलिस को सौंपा

महासमुंद। नकली नोट जमा कराने गए युवक को बैंक ने पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेकेल कला निवासी छबीलाल दीवान (35) सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक शाखा नरतोरा झलप पहुंचा था। अपने बचत खाते में 4 हजार रुपए जमा करने के लिए जमा पर्ची के साथ 2000 के 2 नोट काउंटर पर कैशियर प्रमोद कुमार वर्मा को दिए। कैशियर वर्मा को नोटों को लेकर संदेह हुआ और उन्होंने बारीकी से जांच की। दोनों नोट नकली पाए गए। इस पर कैशियर ने छबीलाल दीवान से पूछा कि ये नोट उसे कहां से मिले। छबीलाल संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर शाखा प्रबंधक आशीष भोई की सहमति से उसे पटेवा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

युवती सहित 7 की सैंपल निगेटिव

महासमुंद। कटघोरा से लौटी युवती की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है। मंगलवार को एम्स की ओर से जारी रिपोर्ट में युवती सहित कुल 7 सैंपल निगेटिव रहे। इसके बाद स्वास्थ्य महकमे ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार इसी महीने की 8 तारीख को एक युवती कटघोरा से वापस लौटी थी। उसे लेने के लिए उसके जीजा और एक ग्रामीण गए हुए थे। वहां से लौटने के बाद से युवती सहित उसके जीजा और ग्रामीण को होम क्वारेंटाइन कर दिया गया था। वहीं दो दिन पहले ही तीनों के सैंपल लेकर जांच के लिए एम्स रायपुर भेजा गया था। इसके साथ ही चार अन्य लोगों की रिपोर्ट भी निगेटिव आई है। इनके सैंपल भी दो दिन पहले जांच के लिए भेजे गए थे। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ आरके परदल ने बताया कि मंगलवार को कुल 24 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। यह सभी सैंपल रैंडम लिए गए हैं, ताकि कम्युनिटी ट्रांसमिशन के बारे में पता लगाया जा सके। मंगलवार को ही अलग-अलग इलाकों से कुल 19 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं।

ढाबा संचालक गिरफ्तार

रायपुर। जिला कलेक्टर द्वारा जारी धारा 144 का उल्लंघन कर लाकडाउन तोड़ने की घटनाएं लगातार घट रही हैं। मंदिर हसौद थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रशांत कुमार चौधरी पिता कृष्णा चौधरी द्वारा विक्की ढाबा बहनाकांडी में ग्राहकों की भीड़ लगाकर अवैध रूप से शराब पिलाकर खाना खिला रहा था। उक्त मामले में मंदिर हसौद थाने ने आरोपी ढाबा संचालक के खिलाफ आबकारी एक्ट धारा 36 सी एवं आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला कायम करते हुए घटनास्थल से ही ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया है।

खैरागढ़ वनमंडल की टीम ने फिर मारा छापा

10 दिन में दूसरी कार्रवाई, भारी मात्रा में सागौन चिरान जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

खैरागढ़। खैरागढ़ वनमंडल में वनविभाग की टीम की ओर से वनसंपदा की चोरी में लिप्त लोगों पर नकेल कसने के लिए लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को वनविभाग की टीम ने के नवागांव में कार्रवाई करते हुए सागौन का चिरान व इससे बनाए जा रहे सोफा सेट, अलमारी, दीवान शो केस आदि जब्त किया।

10 दिन में 1-2 लाख का माल जब्त

वन विभाग की टीम ने 10 दिन में लगभग 1-2 लाख रुपए का चिरान व सागौन से बना अन्य सामान जब्त किया है। बताया जा रहा है कि सागौन की ये लकडियां जंगल से अवैध कटाई कर लाई जाती है। इस गोरखधंधे में लगे लोग इन लकड़ियों से सामान बनाकर महंगे दाम में बेचने की कोशिश करते हैं। लेकिन खैरागढ़ वनविभाग की टीम की ओर से लगातार कार्रवाई कर ऐसे लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

बुधवार को डीएफओ खैरागढ़ श्री दुबे के मार्गदर्शन तथा एसडीओ एएल खुंटे के नेतृत्व में रेंजर शिवकुमार साहू, डिप्टी रेंजर हर्षबहादुर सिंह, डिप्टी रेंजर हर्ष बहादुर सिंह, प्रद्यमन तिवारी, उमेंदी लाल चंदेल, वन रक्षक प्रमोद कुमार धोटे, सुनील सिंह, वरुण ठाकुर, इंद्राणी वर्मा, कुलेश्वरी साहू की टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया।

विभाग मौन, खनिज संपदा का हो रहा अवैध उत्खनन व परिवहन

-मुरुम, गिट्टी के अवैध उत्खनन के साथ चलरहा जिले में अवैध लाल ईंट निर्माण का खेल

-खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मामलों पर है मौन साधे

नव प्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। जिला मुख्यालय से लेकर पूरे जिले में अवैध खनिज दोहन का कार्य बड़े पैमाने पर अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते नजर आ रहा है। वहीं मर्दापाल मार्ग पर स्थित गोलावण्ड सहित अन्य गांवों के आसपास सड़क किनारे जोर-शोर से चल रहे मुरुम के अवैध उत्खनन पर भी विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौन साधे हैं।व अधिकारी मीटिंग व स्टाफ़की कमी का हवाला देते मामलो पर पर्दा डाल देते हैं। जिससे अवैध गिट्टी, मुरुम उत्खनन व अवैध लाल इंट निर्माण में विभगीय संरक्षण की शंका से भी इनकार नही किया जा सकता।

ज्ञात हो कि इन दिनों संपूर्ण देश सहित छग राज्य के कोण्डागांव जिले में भी लॉक डाउन का असर देखने को मिल रहा है। लॉक डाउन के दौरान कोरोना वायरस का प्रसार न हो इसलिए आमजनों को अपने घरों से न निकलने की हिदायत दी गई है, जिसका पालन अधिकांश लोगों द्वारा किया जा रहा है, केवल अतिआवष्यक कार्य से ही लोग बाहर निकल रहे हैं, यदि कोई बेवजह घुमता नजर आ रहा है, तो पुलिस उन्हें अपने अंदाज में सबक सिखाकर घर में ही रहने को मजबूर कर रही है। लेकिन वहीं इस लॉक डाउन के दौरान भी जिले में लगातार अवैध रूप से खनिज संपदा का दोहन किया जाता नजर आ रहा है और वहीं खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा अवैध रुप से मुरुम आदि खनिजों का अवैध उत्खनन करने वालों पर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं करना विभागीय कार्य प्राणली पर सवालिया निशान उठाती है। संभवतः तभी खनिज विभाग के नाक के नीचे से खनिज संपदा का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है।

रसूखदारों से मौन हैं विभाग,या विभागीय मौन स्वीकृति से बढ़ रहा अवैध उत्खनन

विगत वर्ष से कोण्डागांव से कोरमेल सहित अन्य कई सड़कों को निर्माण लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव द्वारा कराया जा रहा है और इन सभी सड़कों का निर्माण ठेकेदार द्वारा कहीं से भी अवैध मुरुम का उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं।तो जिला मुख्यालय से लगे जामपदर में रसूखदारों के बड़े पैमाने में चल रहे अवैध मुरुम उत्खनन पर भी अधिकारी मौन साधे नजर आ रहे हैं।मामलो पर जब खनिज विभाग के अधिकारी को प्रेस द्वारा अवैध मुरुम उत्खनन करने के फोटो व्हाट्स एप से भेजकर, कार्यवाही के बारे में पूछे जाने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। वहीं मामले पर उनका पक्ष जानने जब खनिज अधिकारी नेहा टंडन को उनके सेल फोन नंबर पर +919131340590 कॉल किया गया तो उन्होंने फोन ही नही रिसीव किया।

17 लीटर महुआ शराब बरामद, 500 किग्रा महुआ लाहन नष्ट, 3 गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने हेतु लॉकडाउन में राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रजत बंसल के निर्देश के अनुपालन में जिले के सभी मदिरा केंद्रों को सीलबंद किया गया है। सीलबंद के आदेश के बावजूद भखारा थानान्तर्गत ग्राम कोपेडीह में हाथभट्ठी महुआ शराब के निर्माण तथा विक्रय की शिकायतें निरन्तर प्राप्त हो रही थीं। शिकायत के आधार पर आज तड़के आबकारी विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही कर ग्राम कोपेडीह निवासी आरोपी श्री भीम टण्डन, श्री मोहन चन्देल तथा श्री यशवंत बंजारे के आधिपत्य से क्रमशः दो - दो लीटर तथा तीन लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब बरामद कर तीनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही ग्राम कोपेडीह के खेत में छिपाकर रखी गई 10 लीटर महुआ शराब तथा 500 किग्रा महुआ लाहन बरामद करते हुए धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी चन्द्रहास यदु के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक वैभव मित्तल, शरद जायसवाल तथा स्टाफ द्वारा की गयी। विदित हो कि कलेक्टर के निर्देश पर शुष्क अवधि में अवैध मदिरा के विनिमार्ण/धारण/विक्रय/परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आबकारी विभाग के कार्यपालिक स्टाफ द्वारा सतत गश्त कर छापामार कार्रवाई की जा रही है।

गर्मी के दिनों में शहर में फिर पेयजल को लेकर मच सकता है हाहाकार

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। ठंड के दिन लगभग खत्म होने को है और गर्मी धीरे-धीरे बढने लगी है। जिस तरह से तापमान बढ रहा है उससे लग रहा है कि अप्रैल-मई माह आते-आते गर्मी भीषण रूप ले लेगी जो जून माह में पूरे सबाव पर रहेगी। इस भीषण गर्मी के दिनों में इस बार फिर नगर के कई इलाको में पेयजल को लेकर हाहाकार मच सकता है। क्योंकि इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा अब तक काई ठोस योजना नही बना पायी है। जिले के 22 वार्डो में से ज्यादातर वार्डो में हर साल गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल जैसी गंभीर समस्या से जुझना पडता है और हर साल गर्मी के पहले नगर पालिका प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी और पदाधिकारी द्वारा कई दावे और वादे शहर की जनता से करते आये है। लेकिन ये सभी वादे अब तक खोखले साबित हुए है। पिछले साल तक की स्थिति में शहर के कई वार्डो में भीषण गर्मी के दिनों में पेयजल एक गंभीर समस्या के रूप में उभरकर सामने आयी है। ये स्थिति पिछले कई वर्षो से नगर पालिका में सत्ता चाहे भापजा की रही हो या कांग्रेस की शहर में पेयजल की समस्या जस की तस है। नगर पालिका चुनाव हुए लगभग 4 माह हो चुके है लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक गर्मी के दिनो में पेयजल का छाने वाले संकट के निराकरण के लिए कोई ठोस योजना नही बना पायी है। पिछले कई वर्षो से यही देखा जाता रहा है कि नगर पालिका में अध्यक्ष किसी भी पार्टी से हो पेयजल की समस्या यहां जस की तस बनी हुई हैं। पिछले पांच साल की बात करे तो यहां कुछ भी बदलाव नही हुआ है। जनप्रतिनिधि वादा कर शहर को पेयजल समस्या से मुक्त करना था लेकिन इस दिशा में भी वे पूरी तरह विफ्ल रहे। शहर की जनता पांच तक गर्मी के दिनों में परेशान रही । इस तरह जनता से अन्य कई वादे भी किये जिनमें वे पूरी तरह से विफ्ल रहे है। जिले के पानी टैंकरों के भरोसे रहेगे कई मोहल्ले हर साल की तरह इस बार की भीषण गर्मी के दिनों में शहर के कई मोहल्ले वे बस्तियां पानी टैंकरो के भरोसे रहेगें । भीषण गर्मी में शहर के कई मोहल्ले व बस्तियां में पेयजल की आपूर्ति ठप्प हो जाती है जिसके चलते उन इलाको में पेयजल की आपूर्ति नगर पालिका प्रशासन द्वारा पानी टैंकरो के जरिए कराया जाता रहा है। नगर के 22 वार्डों में आवश्यकता के अनुरूप बोर कर पावर पंप लगाकर पाइप लाइन में सीधे सप्लाई किया जा रहा है। इसके लिए नगर में 114 पावरपंप 320 हैंडपंप हैं। नगर में नए जल आवर्धन योजना का लाभ नहीं मिल पाने से नगरपालिका को 114 पंपों में अनावश्यक विद्युत खर्च एवं पम्प संचालन हेतु आपरेटरों की व्यवस्था करनी पड़ रही है। नगर में कुछ स्थानों पर तो अनावश्यक पावरपंप लगाए गए है जिसमें से घंटो पानी अनावश्यक बहते रहता है।

जंगल में लगी आग मौके के लिये टीम रवाना

धमतरी। नगरी वनपरिक्षेत्र के मटियाबहारा जंगल में आग लगने की खबर है.करीब 40 एकड़ के एरिया में ये आग फैलने की सूचना मिल रही है हालांकि यह आग कितने एरिया में फैला इसकी अभी पुष्टि नही हो पाई है.ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनविभाग को दी है वही वन विभाग की टीम भी मौके पर रवाना हो चुकी है.डीएफओ अमिताभ वाजपेई ने बताया कि इसकी सूचना मिलने के बाद से टीम मौके पर भेजा गया है जो आग पर काबू पाने की कोशिश करेगी.बहरहाल आग की लपटें धीरे धीरे बढ़ती ही जा रही है अगर समय रहते इस पर काबू नही पाया गया तो यह आग पूरे जंगल को खाक कर सकती।

48 घंटे के अंदर 20 से अधिक मामले में 200 लीटर शराब बरामद

तालाब किनारे शराब बनाते दो पकड़ाए, एक फरार

महासमुंद (नव प्रदेश)। पुलिस ने दो दिन के भीतर जिलेभर में 20 से अधिक प्रकरण में 200 से अधिक लीटर महुआ शराब बरामद की है। मंगलवार को सरायपाली थाना प्रभारी व टीम बोड़ेसरा पहुंची। जहां गांव के बाहर कांदामुड़ा किनारे महुआ शराब के लिए बर्तन और महुआ पॉस चढ़ाई गई थी। पुलिस को देख शराब बना रहे अधेड़ भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो लोगों का पकड़ा। इनमें एक भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने बताया कि मौके से 7 पीले रंग की जरीकेन 140 और सफेद जरीकेन में 10 लीटर कुल 150 लीटर महुआ शराब बरामद की। इसके अलावा भारी मात्रा में महुआ पॉस, गंजी, प्लास्टिक पाइप बरामद की। बाद दुर्योधन साव पिता संतोष साव (60), देवनाथ साव पिता गणपत साव (58) और भागीरथी पिता परमेश्वर साव (55) के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसमें दो आरोपी दुर्योधन और देवनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं, भागीरथी भागने में कामयाब हो गया। इसी तरह रविवार को खल्लारी थाना में दो प्रकरण में 7 लीटर, पिथौरा में सोमवार को सात प्रकरण में 6.800 लीटर, सरायपाली में सोमवार को एक प्रकरण में चार लीटर, तेंदूकोना में दो प्रकरण में 6 लीटर, पटेवा में एक प्रकरण में 4 लीट, सिंघोडा में एक प्रकरण में 4 लीटर और सांकरा में एक प्रकरण से 4 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।